

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



इंटरमिटेंट फास्टिंग के दौरान भूख ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 20 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 61 | पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## कांग्रेस 2024 के आम चुनाव के लिए विपक्षी एकजुटता पर पूर्ण अधिवेशन में तय करेगी रुख

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि 24 फरवरी से शुरू हो रहे पार्टी के तीन दिवसीय पूर्ण अधिवेशन में 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी एकजुटता के संदर्भ में चर्चा की जाएगी एवं आगे का रुख तय किया जाएगा। हालांकि, उसने इस बात पर भी जोर दिया कि उसकी मौजूदगी के बिना देश में विपक्षी एकता की कोई भी कवायद सफल नहीं हो सकती। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान का स्वागत किया और कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) के शीर्ष नेता ने कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के प्रभाव को स्वीकार किया है। नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा था कि कांग्रेस को भारत जोड़ो यात्रा से बने माहौल का लाभ उठाते हुए भाजपा विरोधी दलों को एकजुट कर गठबंधन बनाना चाहिए और अगर ऐसा हो गया तो 2024 के लोकसभा चुनाव में अभी 300 से ज्यादा सीट वाली भारतीय जनता पार्टी को 100 से भी कम सीट पर समेटा जा सकता है। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, रमेश और पार्टी के कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी अधिवेशन के बारे में कुछ ब्योरा सामने रखा। वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के चुनाव के संदर्भ में 24 फरवरी को पार्टी की संचालन समिति की बैठक में फैसला होगा। नीतीश कुमार के बयान के संदर्भ में वेणुगोपाल ने कहा, "हमने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान समान विचार वाले दलों को आमंत्रित किया। ज्यादातर दल आए। संसद सत्र के दौरान अडाणी समूह के मामले में विपक्षी दलों को साथ लिया।" उन्होंने कहा, "अधिवेशन एक ऐसा मंच होगा, जहां इस पर चर्चा होगी। निश्चित तौर पर इस बारे में (नेतृत्व) का निर्देश आएगा।" रमेश ने कहा, "हम मानते हैं कि विपक्ष की एकता जरूरी है। लेकिन विपक्ष की एकता के लिए यात्रा नहीं निकाली गई थी, यह इसका परिणाम हो सकता है। अधिवेशन में इस पर विचार होगा। यह क्या रूप लेगा, हम नहीं कह सकते।" उन्होंने कहा, "नीतीश कुमार जी के बयान का हम स्वागत करते हैं, क्योंकि उन्होंने माना है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' का असर न सिर्फ कांग्रेस पर, बल्कि भारतीय राजनीति पर हुआ है। यह भारतीय राजनीति के लिए परिवर्तनकारी क्षण है, यह उन्होंने स्वीकारा है।" रमेश ने कहा, "हम अपनी भूमिका अच्छी तरह जानते हैं। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने भाजपा के साथ कहीं भी समझौता नहीं किया है।"



उन्होंने किसी पार्टी का नाम लिए बगैर कहा, "कई पार्टी हैं, जो मल्लिकार्जुन खरगे जी के साथ बैठक में आती हैं, लेकिन उनकी क्रिया सत्तापक्ष के साथ नजर आती है। हमारे दो चेहरे नहीं हैं। हम चाहते हैं कि अडाणी के मामले पर जेपीसी की जांच हो।" कांग्रेस नेता ने तंज भरे लहजे में कहा, "हमें किसी के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है कि हमें नेतृत्व करना है, क्योंकि कांग्रेस के बिना कोई भी विपक्षी एकता असफल होगी।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया, "मजबूत कांग्रेस के बिना मजबूत विपक्षी एकता असंभव है। चुनाव के पहले गठबंधन होना चाहिए, बाद में होना चाहिए, इस पर अधिवेशन में लोग अपना विचार रखेंगे।" रमेश ने कहा कि लोग इस बात को भूल जाते हैं कि कांग्रेस महाराष्ट्र, बिहार, केरल, झारखंड समेत कई राज्यों राज्यों में गठबंधन में है। उन्होंने कहा, "यह कहना गलत है कि कांग्रेस चुनाव से पहले गठबंधन नहीं करती।" उन्होंने कहा कि 2024 से पहले कई राज्यों में चुनाव हैं, जिन पर पार्टी को ध्यान देना है। वेणुगोपाल ने कहा कि इस बार का यह पूर्ण अधिवेशन 2024 के लोकसभा चुनाव की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया, "इस अधिवेशन में करीब 15000 लोगों को आंमत्रित किया गया है, जिनमें डेलीगेट (प्रतिनिधि) होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विशेष डेलीगेट होंगे। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा करने वाले सभी 'भारत यात्री' और पार्टी के अग्रिम संगठनों और विभागों के पदाधिकारी विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।" उनके मुताबिक, अधिवेशन में 1338 निर्वाचित एआईसीसी (अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य होंगे, 487 आमंत्रित (को–ऑप्टेड) एआईसीसी सदस्य होंगे, 9915 निर्वाचित पीसीसी (प्रदेश कांग्रेस कमेटी) सदस्य होंगे तथा करीब 3000 आमंत्रित (को–ऑप्टेड) पीसीसी सदस्य होंगे। वेणुगोपाल ने बताया, "24 फरवरी की सुबह 10 बजे संचालन समिति की बैठक होगी। इस बैठक में मसौदा समिति द्वारा तय प्रस्तावों पर संचालन समिति एक–एक करके विचार करेगी और इनका अनुमोदन करेगी। उसी दिन विषय संबंधी समिति भी बैठक करेगी, जिसमें कई प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी।" उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को ही संचालन समिति इस अधिवेशन के विस्तृत एजेंडे को स्वीकृति प्रदान करेगी। वेणुगोपाल ने कहा, "यह सत्र 'भारत जोड़ो यात्रा' के सफल आयोजन के बाद हो रहा है। इस यात्रा से आम कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का नया संचार हुआ है।" उन्होंने कहा कि इस पूर्ण अधिवेशन का टैगलाइन 'हाथ से हाथ जोड़ो' होगा। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने बताया कि अधिवेशन में भाग ले रहे एआईसीसी सदस्यों में सामान्य श्रेणी से 704, अल्पसंख्यक समुदाय से 228, ओबीसी समुदाय से 381, अनुसूचित जाति से 192, अनुसूचित जनजाति से 133, महिलाएं 235 और 50 साल से कम उम्र के 501 लोग होंगे। उन्होंने कहा कि नया रायपुर में जहां अधिवेशन होगा उसे 'शहीद वीर नारायण सिंह नगर' नाम दिया जाएगा। सैलजा ने कहा कि जहां 26 फरवरी को रैली होगी, उस स्थान का नाम वरिष्ठ नेता दिवंगत मोतीलाल वोहरा के नाम पर रखा जाएगा। मल्लिकार्जुन खरगे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पार्टी का पूर्ण अधिवेशन हो रहा है। कांग्रेस का पिछला पूर्ण अधिवेशन 2018 में दिल्ली में हुआ था।

## तोड़े गए मंदिरों का शिवाजी ने पुनर्निर्माण कराया, मोदी उस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं: शाह

पुणे। गृह मंत्री अमित शाह ने मुगलों और अन्य



विदेशी आक्रमणकारियों के शासन के दौरान नष्ट किए गए मंदिरों के पुनर्निर्माण के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज की रविवार को सराहना की और कहा कि मराठा योद्धा के बाद से जारी जीर्णोद्धार कार्य को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। शाह ने यह भी कहा कि छत्रपति शिवाजी के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा अत्याचार के खिलाफ विद्रोह था और उनके द्वारा शुरू की गई 'स्वराज' की लड़ाई आज भी जारी है। शाह मराठा साम्राज्य के संस्थापक की जयंती के मौके पर पुणे के नरहे–अंबेगांव में शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित 'थीम पार्क' 'शिवसृष्टि के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। यह परियोजना 21 एकड़ भूमि में फैली हुई है। इसकी परिकल्पना पद्म विभूषण से सम्मानित शिवशाहीर बाबासाहेब पुरंदरे द्वारा की गई थी, जिन्होंने इसके निष्पादन के लिए महाराजा छत्रपति प्रतिष्ठान का गठन किया था। शाह ने कहा, "मुगलों और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों के शासन के दौरान कई मंदिरों को नष्ट कर दिया गया था। पिछले हफ्ते, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्विकास किया, जिसका पुनर्निर्माण छत्रपति शिवाजी महाराज ने किया था।

## कर्नाटक का दौरा करेंगे भाजपा अध्यक्ष नड्डा

बेंगलुरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा 20 और 21 फरवरी को कर्नाटक के दौरे पर रहेंगे, जहां अप्रैल या मई में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इस दौरान नड्डा पार्टी को मजबूत बनाने के मकसद से विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा की कर्नाटक इकाई के महासचिव और विधान पार्षद एन रवि कुमार ने एक बयान में कहा आज रात मंगलुरु पहुंचने के बाद नड्डा अगले दो दिन के दौरान उडुपी, चिक्कमगलुरु और हासन जिलों के कुछ हिस्सों का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रमुख मंगलुरु पहुंचने के बाद शहर में रहेंगे। वह 20 फरवरी की सुबह उडुपी में बूथ स्तर के सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और बाद में दोपहर के समय ब्यंदूर में एक जनसभा में शामिल होंगे। कुमार ने बताया कि नड्डा उस दिन शाम को सुपारी उत्पादक सम्मेलन में भाग लेने के लिए चिक्कमगलुरु जिले के कोप्पा में होंगे, और उसके बाद श्रृंगेरी में जनप्रतिनिधियों की बैठक में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को चिक्कमगलुरु में "बुद्धिजीवियों" के साथ बैठक में भाग लेने के बाद नड्डा दोपहर के समय हासन जिले के बेलुरु में एक सार्वजनिक बैठक में शिरकत करेंगे। कुमार ने कहा कि 21 फरवरी की शाम नड्डा हासन में एक बूथ स्तरीय सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसके बाद वह बेंगलुरु के रास्ते दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।




## दुबई से आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान ने उतरते समय एटीसी से मांगी मदद

तिरुवनंतपुरम। दुबई से रविवार को तिरुवनंतपुरम आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान के उतरने के दौरान पायलट ने कुछ समस्या महसूस होने के बाद यहां हवाई नियंत्रण कक्ष (एटीसी) से मदद मांगी। एअरलाइन के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा, "पायलट को विमान के उतरने के समय कुछ असामान्य लगा और उसने एटीसी से सहायता मांगी। निर्धारित समय पर सुबह साढ़े छजे यह विमान सामान्य ढंग से विमानतल पर उतरा। पायलट ने किसी भी आपात स्थिति की घोषणा नहीं की।" उन्होंने बताया कि विमानतल पर उतरने के बाद आईएक्स 540 एअर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान की जांच करने पर पाया गया कि विमान के अगले हिस्से के पहिये की ऊपरी सतह हट गयी थी। सूत्रों ने कहा, "इसमें गंभीर स्थिति जैसी कोई बात नहीं है।" उन्होंने बताया कि विमान से सभी यात्री सुरक्षित ढंग से उतरे।



## पीएम मोदी के 'स्वर्णिम काल' का अध्ययन करेंगी भविष्य की पीढ़ियां:मांडविया

अहमदाबाद। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "स्वर्णिम काल" का उसी तरह से अध्ययन करेंगी जिस तरह से आज की पीढ़ी को इतिहास के पाठ्यक्रम में चंद्रगुप्त मौर्य के स्वर्ण युग के बारे में पढ़ाया जाता है। मांडविया ने यह टिप्पणी शनिवार को अहमदाबाद में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई)में केंद्रीय बजट 2023–24 के बारे में बोलते हुए की। चंद्रगुप्त मौर्य प्राचीन भारत में मौर्य साम्राज्य के पहले सम्राट थे। मांडविया ने छात्रों और पेशेवरों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को विभिन्न उपलब्धियों के लिए याद किया जाएगा, जैसे कि आर्थिक सुधार, कोविड–19 प्रबंधन, सीमा पार आतंकवादियों पर सर्जिकल स्ट्राइक, आदि। उन्होंने कहा, "हम अपने इतिहास के पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में चंद्रगुप्त मौर्य के स्वर्ण युग का अध्ययन करते थे। यह अभी भी (स्कूलों और कॉलेजों में) पाठ्यक्रम का हिस्सा है।




## शिवसेना के नाम एवं चुनाव निशान को 'खरीदने' के लिए 2000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ: संजय राउत

मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि शिवसेना पार्टी के नाम एवं निशान 'तीर–धनुष' को "खरीदने" के लिए अब तक "2000 करोड़ रुपये का सौदा" हुआ है। हालांकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े के विधायक सदा सर्वांकर ने इस दावे का खंडन किया और सवाल किया, "क्या संजय राउत खजांची हैं।" राउत ने एक ट्वीट में दावा किया कि 2000 करोड़ रुपये का शुरुआती आंकड़ा है और यह बात शत–प्रतिशत सच्ची है। उन्होंने संवाददाताओं से यह भी कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के करीबी एक बिल्डर ने उन्हें यह बात बतायी है। राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि उनके दावे के पक्ष में सबूत हैं जिसे वह शीघ्र ही सामने लायेंगे। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को एकनाथ धड़े को असली शिवसेना की मान्यता



दी थी और उसे चुनाव निशान 'तीर–धनुष' आवंटित करने का आदेश दिया था। पार्टी संगठन पर काबिज होने को लेकर चले लंबे संघर्ष पर 78 पन्नों के अपने आदेश में निर्वाचन आयोग ने उद्धव ठाकरे धड़े को उसे आवंटित किया गया चुनाव निशान 'जलती मशाल' महाराष्ट्र में विधानसभा उपचुनाव होने तक रखने की अनुमति दी। राउत ने रविवार को कहा कि 2000 करोड़ रुपये शिवसेना का नाम "खरीदने" के लिए कोई छोटी रकम नहीं है। उन्होंने कहा, "निर्वाचन आयोग का फैसला एक सौदा है।" राउत ने ट्वीट किया, "मुझे पक्की सूचना मिली है कि शिवसेना का नाम एवं पहचान पाने के लिए 2000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ। यह शुरुआती आंकड़ा है तथा शत–प्रतिशत सच्ची बात है। कई बातें शीघ्र ही सामने लायी जाएंगी। इस देश के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ।" उनसे जब महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस परोक्ष बयान के बारे में पूछा गया कि कुछ लोग "विरोधी विचारधारा वालों के तलवे चाट रहे थे", तब राउत ने कहा, "वर्तमान मुख्यमंत्री क्या चाट रहे हैं? शाह क्या कहते हैं, महाराष्ट्र के लोग उसे (उस बात को) भाव नहीं देते? वर्तमान मुख्यमंत्री को छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम लेने का अधिकार नहीं है।"

## अरुणाचल प्रदेश में 3.8 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

गुवाहाटी। अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी भाग में रविवार दोपहर 3.8 तीव्रता का भूकंप आया। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने एक रिपोर्ट में बताया कि ताजा भूकंप दोपहर 12 बजकर 12 मिनट पर आया जो भूटान सीमा के निकट वेस्ट कामेंग में सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। मध्य–उत्तरी असम व भूटान के पूर्वी हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से तत्काल किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान होने की जानकारी नहीं मिली है। पूर्वोत्तर भारत उन क्षेत्रों में आता है, जहां भूकंप आने की काफी आशंका रहती है।



## बी. डी. मिश्रा ने लद्दाख के उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली

लेह। ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) बी. डी. मिश्रा ने रविवार को लद्दाख के दूसरे उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली। उन्होंने पूर्व आईएएस अधिकारी राधा कृष्ण माथुर की जगह ली। साल 2019 में लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से 27 महीने तक माथुर इसके उपराज्यपाल रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 फरवरी को माथुर का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद मिश्रा (83) को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया था। अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल मिश्रा को जम्मू–कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह ने यहां राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में पद की शपथ दिलाई। इसके बाद लद्दाख पुलिस ने मिश्रा को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। मिश्रा 33 साल से अधिक समय तक सेवाएं देने के बाद 31 जुलाई, 1995 को सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने तीन अक्टूबर, 2017 को अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला था।








## अगरतला रेलवे स्टेशन से दस रोहिंग्या शरणार्थी गिरफ्तार

अगरतला। त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन पर दस रोहिंग्या शरणार्थियों और दो बांग्लादेशियों को उनके "भारतीय हैंडलर" के साथ गिरफ्तार किया गया है। एक रलवे पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने रविवार को बताया, पूछताछ के दौरान रोहिंग्या शरणार्थियों ने स्वीकार किया कि उनलोगों ने बांग्लादेश के कॉक्स बाजार शिविर से भागकर अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया। पुलिस अधीक्षक (जीआरपी) अमिताभ पाल ने बताया कि ये सभी 13 लोग कोलकाता जाने के लिए कंचनजंगा एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इन गिरफ्तारियों के साथ ही फरवरी में अगरतला रेलवे स्टेशन पर पकड़े गए रोहिंग्याओं की कुल संख्या 33 हो गई है जिनमें तीन बच्चे भी हैं। उन्होंने बताया, विशिष्ट सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने शनिवार को 13 लोगों को पकड़ा जिनमें दस रोहिंग्या, दो बांग्लादेशी और एक भारतीय हैंडलर शामिल है। सभी कोलकाता जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस में सवार होने वाले थे। पाल के मुताबिक, रोहिंग्या घुसपैठिए सिपाहीजाला जिले के साथ लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा से राज्य में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने सभी घुसपैठियों को पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशनों पर चेकिंग अभियान तेज कर दिया है।



# वायरल डिजीज का अंत नहीं :डॉ. हर्षवर्धन

## डॉक्टरों से परिचर्चा को अयोध्या पहुंचे मेदांता के डॉक्टर

अयोध्या। कोविड–19 के प्रकोप से जहां पूरा विश्व भयभीत हो चुका है। लाखों को असमय मौत की नींद सुलाने वाले इस वायरस के बारे में डॉक्टर भी चिंतित है। प्रेस से बातचीत में मेदांता गुरुग्राम के डॉक्टरों ने बताया कि फेफड़े को संक्रमित करने वाले इस डिजीज से कभी भी पूर्णरूप से मुक्ति नहीं मिलेगी। दिनचर्या में बदलाव ही बचाव है। अयोध्या पहुंचे मेदांता गुरुग्राम के डॉक्टर हर्षवर्धन पुरी व डॉक्टर श्याम विष्ट ने कृष्णा पैलेस सभागार में पत्रकारों के साथ अपनी बात साझा की। डॉ हर्ष ने कहा कि कोविड जैसे डिजीज की भयंकरता को सारी दुनिया देख चुकी है। बहुत हद तक इसकी भयंकरता पर काबू पा लिया गया लेकिन सूक्ष्म रूप से मौजूद इसके वायरस अब आजीवन चलते रहेंगे। क्योकि हमारी दिनचर्या बहुत बदल गई है। शुद्ध आहार, व्यायाम, प्राणायाम से लोग दूर हो रहे हैं। फास्टफूड कल्चर बढ़ रहा है। ऐसे में बचने के लिए 30–40 वर्ष पूर्व की दिनचर्या अपनानी होगी। शुद्ध आहार, व्यायाम, प्राणायाम पर बल देते हुए डॉक्टर हर्ष ने कहा कि सूक्ष्म वायरस का प्रभाव ऐसा नहीं होगा जिससे ऑक्सीजन की जरूरत पड़े। हम दवाओं से ठीक हो सकते हैं। बताया की महज कुछ प्रतिशत मरीजों को ऑक्सीजन या सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। बताया कि गले मे भारीपन, सर्दी, जुकाम आदि नॉर्मल तरह से होते रहेंगे। इनके बीच ही हमें जीवन ढालना होगा। डॉ हर्ष का कहना है कि प्रदूषण, धूम्रपान आदि से फेफड़े संक्रमित होते हैं। ईश्वर या प्रकृति की कृपा थी कि कोविड के इस जानलेवा हमले के बाद हमारे फेफड़े 90 प्रतिशत प्रारंभिक अवस्था में आ चुके हैं। ऐसे में हमें 30–40 साल पुरानी लाइफ स्टाइल को अपनाना ही होगा। डॉक्टरों ने अयोध्या आने का उद्देश्य बताया कि अभी सभी जगह आधुनिक तकनीकी उस स्तर की नहीं है जैसा की मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम में है। मेदांता में बैठकर देश, विदेश के विशेषज्ञ डॉक्टरों से चर्चा हो जाती है लेकिन हर जगह वह तकनीक नहीं है। ऐसे में स्थानीय अस्पतालों के डॉक्टरों से इस मुद्दे पर स्वस्थ परिचर्चा करने आए हैं।

# देश का लोकतांत्रिक ढांचा नष्ट करने पर तुली है सत्ताधारी पार्टी : अशोक तिवारी

## –भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला काउंसिल की हुई बैठक

अयोध्या। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला काउंसिल अयोध्या की बैठक एस एन बागी की अध यक्षता में साकेतपुरी स्थित पार्टी जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी के आवास पर सम्पन्न हुई। जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी ने बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि देश इस समय भयावह स्थिति से गुजर रहा है। सत्ताधारी पार्टी ही देश का लोकतांत्रिक ढांचा नष्ट करने पर तुली हुई है। सरकार लोगों की आवाज दबाने के लिए दमन का रास्ता अपनाए हुए है और बुल्डोजर के जरिए जनता को डराना चाहती है, कानपुर काण्ड बुल्डोजर राज की परिणति है। इन फासीवादी ताकतों से वाम विचारधारा ही लड़ सकती है। ऐसी स्थिति में पार्टी को जनता के साथ खड़े रहने और उनकी आवाज मजबूती के साथ बुलंद करने की आवश्यकता है। बैठक में अन्य वक्ताओं ने कहा कि पूंजीवादी शक्तियां चरम पर हैं और सरकार भी उन्हीं के साथ खड़ी है। सरकार द्वारा संसद में पेश केंद्रीय बजट गरीबों के साथ छलावा मात्र है। किसानों, मजदूरों, युवाओं, विद्यार्थियों के भारी कटौती की गई है यहां तक कि मनरेगा को भी खत्म करने साजिश शुरू कर दी गई है।

भाकपा इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके खिलाफ जन आंदोलन विकसित करेगी। बैठक में पार्टी सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया। पार्टी ने अपने जन संगठन अखिल भारतीय नौजवान को भंग कर उदय चन्द यादव और रामजी राम यादव को नौजवान सभा के पुनर्गठन की और एस एन बागी को छात्र संगठन की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी द्वारा इस वर्ष वृहद स्तर पर लेवी वसूली का निर्णय लिया गया है। महत्वपूर्ण निर्णयों में पार्टी ने 23 मार्च को शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर गुलाबाडी से नगर निगम स्थित शहीद प्रतिमा तक कम से कम एक हजार कार्यकर्ताओं का मार्च निकालकर माल्यार्पण और सभा करने का भी निर्णय लिया है जिसमें राष्ट्रीय नेतृत्व के साथी भी हिस्सा लेंगे। बैठक में पूर्व जिला सचिव राम तीर्थ पाठक, सूर्यकांत पाण्डेय, अवधराम यादव, अनिरुद्ध मौर्य, रामजी राम यादव, राम कृपाल जायसवाल, उदयचंद यादव, जगन्नाथ, ओमप्रकाश यादव, दीपक वर्मा, लहरी श्याम, राजकपूर, राम सनेही यादव आदि ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार दिए। बैठक के अंत में दिवंगत हुए साथियों राम अछैवर मौर्य, ज्वाला प्रसाद और रामकृष्ण सिंह के दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# मनकामेश्वर धाम में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

कौशाम्बी ।सराय अकिल ।कस्बा के थाना परिसर स्थित प्रचीन शिव मन्दिर मनकामेश्वर धाम में सुबह से पूजा अर्चना के लिए शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सराय अकिल कस्बा के थाना परिसर स्थित मन्कामेश्वर धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवभक्तों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड शिव जाप एवं .भूत भावन भोले नाथ का शिंगार कर फूल, माला,भाँग, धतूरा,बेलपत्र चढाकर पूजा अर्चना किया ।शिवभक्तों ने भाँग, ठंडई,हलुआ,दमालू प्रसाद वितरण किया ।इस दौरान मन्दिर परिसर में कस्बा सहित ग्रामीण इलाकों से भक्तों का तांता लगा रहा ।भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान भोलेनाथ का जयकारा लगाया ।इस अवसर पर मन्कामेश्वर धाम कमेटी के संदीप पाठक,गौरी शंकर रस्तोगी,गोपाल जी केशरवानी,संजय मोदनवाल,कुलदीप ताम्रकार,पप्पू सर्राफा,सुमित केशरवानी आदि सैंकडों लोग रहे।

# पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण आवश्यक: डा.अशोक मलिक

## स्टोन क्रेशरों के संचालन से हो रही पर्यावरण को अत्यधिक हानि

सहारनपुर । पीर वाली गली स्थित नेशनल मुस्लिम अकैडमी में पर्यावरण बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा जल ही जीवन है और पर्यावरण से ही जीवन बचा जा सकता है पर विचार गोष्ठी गयूर आलम की अध्यक्षता और अमजद अली एडवोकेट के संचालन में संपन्न हुई गोष्ठी को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के संयोजक डॉ अशोक मलिक ने कहा कि आज ध्वनि प्रदूषण के साथ–साथ धूल कण और दुआ आचार विचार भी पर्यावरण भ्रष्टाचार की भी भेंट चल रहा है जनपद में वन विभाग से परमिशन सो पेड़ों के काटने की होती है जबकि विभाग की मिलीभगत से हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं इसी के साथ साथ फलदार और छायादार पेड़ शिवालिक पहाड़ियों के तलहटी में घने बागो के बीच में स्टोन क्रेशर ईट भट्टा आदि भी विभागों व जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की मिलीभगत के आए दिन पेड़ नपुसंक की तरह फल देना बंद कर दिया है पेड़ भी सूख रहे हैं अब पेड़ पर आने वाला कोहर (मोहल ) धूलो के कणो और धुआं से सुख जा रहा है पेड़ पौधे और हरियाली की कमी से ही पानी का जलस्तर गिर रहा है और ऑक्सीजन की कमी हो रही है जो मानव जीवन के लिए घातक है भ्रष्टाचार के चलते उद्यान विभाग और वन विभाग और जिला प्रशासन आंखें बंद करके बैठा हुआ है श्री मलिक ने कहा है कि आज मानव अपने निजी स्वार्थ के लिए खाद्य में मिलावट और अपने निजी हित के लिए पेड़ों को काटकर कुछ धन कमा लेता है लेकिन वह यह नहीं जानता वह कमाया है धन दवाइयों में जाता है और व्यक्ति बहुत सी बीमारियों से ग्रसित होकर काल का ग्रास बन जाता है जिला प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो अब हम पेड़ बचाओ पेड़ लगाओ अभियान शुरू करके जन आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर राव रजा खान वीरेंद्र चौधरी के पी सिंह जहीर तुर्की कलीम उर रहमान परवेज मोहम्मद अहमद सलामत यतेंद्र पवार दिनेश रूपड़ी हंस कुमार प्रदीप कुलदीप इरम नवी तौकीर अहमद खदीजा तोकीर योगेश शर्मा विक्रांत शर्मा गौरव शर्मा शशिकांत शर्मा डॉक्टर जावेद ऋषि पाल सैनी संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# गोसाईगंज नगर मे निकाली गयी भव्य शिवबारात

गोसाईगंज'अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मठ मन्दिरो को भव्य रूप से सजाया गया। मन्दिरो में भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए भोर से ही भक्तो का रेला उमड़ पड़ा ।मन्दिरो में एक तरफ भक्तिमय गीत गुंजायमान हो रहे थे तो वंही दूसरी तरफ भक्तो के जयकारे से पूरा मंदिर गुंजायमान हो उठा ।रात्रि में सभी मन्दिरो में घ् नमः शिवाय का अखण्ड जाप भी किया गया ।इसी के साथ ही कस्बे के शगुन पैलेस से भूतभावन भोलेनाथ की भव्य शिवबारात निकली ।शिवबारात की अगुवाई निस्वार्थ सेवा संस्थान के प्रबंधक हनुमान सोनी कर रहे थे। शिव बारात में बाराती के रूप में लोगो के साथ भूत, पिशाच आदि लोग नाचते गाते चल रहे थे ।शिवबारात तीनो बाजार भ्रमण करते हुए महादेवाघाट पर पहुंची जंहा उनका स्वागत महादेवा जीर्णोद्धार समिति के लोगो ने किया ।इस अवसर पर हनुमान सोनी ने पांच गरीब कन्याओं का विवाह भी कराया,जिसमे कस्बे के लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।विवाह संपन्न होने के बाद प्रसाद रूपी भोजन सभी लोगो ने ग्रहण किया ।वंही पौराणिक स्थल श्रृंगी ऋषि आश्रम पर शिवविवाह महोत्सव का आयोजन हुआ ।महोत्सव का उद्घाटन भाजपा नेता विकास सिंह ने किया ।दो द्विवसीय कार्यक्रम में कलाकारों ने शिव जी की लीलाओं का मंचन किया ।इस अवसर पर भक्तो ने जमकर आनन्द उठाया।

# हाई बोल्टेज तार गिरने से तीन सगी बहने झुलसीं, जिला अस्पताल में भर्ती

कौशाम्बी ।करारी कोतवाली के रसूलपुर सोनी गांव में खेत की तरफ घास काटने गईं तीन सगी बहनों के बगल में हाई बोल्टेज तार गिर गया। इससे तीनों बहनें झुलस गईं। आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़ पड़े। तीनों बहनों को इलाज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। रसूलपुर सोनी गांव की नीलम, पूनम व नीता पुत्री सियाराम प्रजापति तीनों सगी बहने हैं। सुबह करीब 11 बजे तीनों बहनें साथ में घास छीलने के लिए खेत की तरफ गई थीं। जिस खेत में वह घास काट रहीं थी। उसी खेत के ऊपर से 11 हजार बोल्टेज की तार गई थी। जो अचानक टूट गई। तार गिरने के बाद तीनों बहने करंट की चपेट में आ गईं। इससे तीनों गम्भीर रूप से झुलस गई। तार टूटने के बाद आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग उधर दौड़े और तीनों को करंट की चपेट से आजाद कराया। लोगों ने तीनों बहनों को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर तीनों बहनों का इलाज चल रहा है।

# ब्रह्मचारी आश्रम में जलाभिषेक के लिए लगा रहा शिवभक्तों का तांता

कौशाम्बी। विकास खंड नेवादा के तिल्हापुर गांव स्थित सिद्धपीठ ब्रह्मचारी आश्रम के प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। हजारों शिवभक्तों ने मंदिर में भगवान शिव का दूध गंगाजल आदि से जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया ।इस दौरान मंदिर परिसर में लगे मेले में लोगों ने खरीददारी भी किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए तिल्हापुर चौकी की पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। तिल्हापुर गांव का ब्रह्मचारी आश्रम सिद्धपीठ है। आश्रम परिसर में कई देवी–देवताओं के छोटे छोटे मंदिरों समेत भूत–भावन भगवान भोलेनाथ का बड़ा प्राचीन मंदिर स्थापित है। महाशिवरात्रि के मौके पर सुबह से ही भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। दोपहर तक आस पास के सरायअकिल,तिल्हापुरमोड़, नेवादा,सेंवथा,पुरखास,बिगहरा, सुरसेनी,हासिमपुर किनार आदि गांवों के हजारों शिव भक्तों का रेला उमड़ पड़ा ।बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान शिव का दूध ा,दही,घी,शहद मिश्रित जल और गंगाजल आदि से जलाभिषेक किया ।भांग,धतूरा, बिल्वपत्र, शमीपत्र,माला फूल आदि चढ़ाकर पूजा अर्चना भी किया। क्षेत्र के सैकड़ों शिवभक्तों ने भगवान शिव की जलहरी (कुंड)भी भरा। मान्यता है कि आश्रम के शिवमन्दिर की जलहरी भरने से लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं ।इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने रुद्राभिषेक भी किया ।कई लोगों ने आश्रम परिसर में भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन करके उसका श्रवण भी किया। मंदिर परिसर में लगे मेले में लोगों ने खरीददारी भी किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से सुबह से ही चौकी इंचार्ज तिल्हापुर अवधराज यादव, उपनिरीक्षक नीरज सिंह समेत कई सिपाही व महिला कांस्टेबल अपनी ड्यूटी पर पूरी तरह से मुस्तैद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया महाशिवराति महोत्सव

अयोध्या। श्री मंत्रेशवर महादेव मंदिर सेवा समिति जालिम सिंह नगर जनौरा गिरजा कुंड मंदिर से विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है ।यहां पर्व गिरजा कुंड मंदिर मे सुबह कीर्तन समाप्त होने के बाद हवन पूजन संपन्न हुआ ।उसके बाद भोलेनाथ बाबा की भव्य बारात मंदिर से निकाली गई ।जिसमें बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र वासी लोग झूमते गाते नजर आए ।और भोले बाबा की भक्ति में लीन दिखे ।इस दौरान श्री मंत्रेशवर महादेव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली जा रही है। जो पूरे क्षेत्र ग्राम का भ्रमण करेगी ।उन्होंने महाशिवरात्रि पर्व पर सभी जनपद वासियों को शुभकामना बधाई दी ।बता दे कि भगवान शिव की बारात गिरजा पुरम,कृष्णा नगर,तिलक नगर परिक्रमा मार्ग से होते हुए जनौरा ग्राम होते हुए मंत्रेशवर महादेव मंदिर समाप्त होगी ।भगवान भोले नाथ की भव्य आरती और प्रसाद वितरण तथा शाम को शुभ विवाह एवं जागरण का कार्यक्रम संपन्न होगा इस शोभायात्रा में पुजारी शिवरत्न सिंह मंटेश्वर सिंह प्रबंधक महेश सिंह उपाध्यक्ष गौरव सिंह प्रधान अंकुर सिंह कोषाध्यक्ष राजेश सिंह रामधारी सिंह बबलू सिंह दिनेश सिंह सम्मिलित रहे।

# 'डीजे की धुन पर भोले के भक्तों ने गगनभेदी जयकारे के साथ नगर में किया भ्रमण'

कौशांबी। नवीन मंडी स्थल महाकालेश्वर मंदिर में देवाधिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ के भक्तों ने 24 घण्टे द नमः शिवाय जाप दोपहर 12:00 खत्म होने के बाद पंडित देवेंद्र तिवारी के द्वारा हवन पूजन के बाद डीजे की धुन पर पूरे नगर पंचायत में जयकारा का नारा लगाते रहे हैं मन्दिर में पूजा पाठ हवन के बाद भक्तों को गल्ला व्यापारियों द्वारा आयोजित ठंडई दमआलू का रसास्वादन कर डीजे के धुन पर नवीन मंडी से राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए भोला चौराहा लाईमंडी गल्ला मंडी शायरी माता चौराहा सब्जी मंडी बनई मंडी होते हुए नवीन मंडी महादेव कालेश्वर मन्दिर में समापन हुआ इस भ्रमण यात्रा को नगर के लोगों ने अति उत्साह से लिया जगह जगह नागरिकों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया है भगवान भोलेनाथ के जयकारे से समूचा क्षेत्र गुंजानमय रहा है इस मौके पर अजुहा व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चन्द्र अग्रहरी ,प्रबल प्रताप सिंह उर्फ रामसिंह, आनन्द सिंह,शिवकोटी लाल अग्रहरी, शिव बाबू केसरवानी, राकेश कुमार केसरवानी, प्रदीप साहू,दीपक साहू सहित नगर पंचायत के सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# हाउस टैक्स कर्मी की कारगुजारी का दंश झेल रहे सिराथू के उपभोक्ता

कौशाम्बी। नगर पंचायत सिराथू के तैनात एक बाबू की कारगुजारी की सजा कस्बावासी भुगत रहें हैं। बाबू ने तीन साल पहले लिया गये हाउस टैक्स की रकम को उपभोक्ताओं के खाते में दर्ज नहीं किया गया था। जिससे उपभोक्ताओं और नये बाबू के बीच आते दिन नोक झोंक होती रहती है। नगर पंचायत सिराथू के वार्ड नं 11 के लोग नगर पंचायत के एक बाबू की कारगुजारी की सजा भुगत रहे हैं। बताते हैं की वार्ड नं 11 में तीन साल पहले उपभोक्ताओं से हाउस टैक्स वसूलने की जिम्मेदारी नगर पंचायत के बाबू भीम यादव के पास थी। जिन्होने लोगों से हाउस टैक्स का रुपया लेकर रसीद दे दी मगर ली गई रकम को उपभोक्ताओं के खाते में दर्ज नहीं किया। जिसकी जानकारी उपभोक्ताओं को अब हो रही है जब वार्ड नं 11के नियुक्त नये टैक्स कर्मी महेश यादव के द्वारा लोगों से हाउस टैक्स का बकाया बताते हुए भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है तो लोगों के सामने पूर्व टैक्स कर्मी के द्वारा वसूली गई रकम को उपभोक्ताओं के खाते में दर्ज ना करने की पोल खुली रही है। मामले की जानकारी होने पर लोगों के होश उड़ गये। जिनके पास पूर्व बाबू के द्वारा दी गई रसीद सुरक्षित है वो ठीक हैं लेकिन जिनके पास रसीद नहीं वो परेशान हाल हैं। वार्ड नं 11 में वर्तमान समय में हाउस टैक्स वसूली में लगे हाउस टैक्स कर्मी महेश यादव का कहना है की पूर्व बाबू के द्वारा हाउस टैक्स वसूली की रकम को उपभोक्ताओं के खाते दर्ज ना होने से लोगों से टैक्स वसूलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों से आये दिन बहस होती रहती है। लोगों का मानना है की अगर पूर्व में लगे टैक्स कर्मी के कारनामे की जांच हुई तो एक बड़े खुलासे से इंकार नहीं किया जा सकता है। कार्यालय सूत्रों की मानें तो पूर्व अधिशासी अधिकारी मनीष वर्मा के द्वारा भी उक्त आरोपित टैक्स कर्मी के खिलाफ ऐसी ही शिकायत मिलने पर वेतन रोकने की कार्रवाई की गई थी। उपभोक्ताओं ने अधि ाशासी अधिकारी से टैक्स कर्मी के क्रियाकलापों की जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# महाशिवराति पर बच्चों ने पेश किए मनमोहक नृत्य

अयोध्या। शारदा निकेतन एस एन अकादमी जालपा मंदिर के बगल महाशिवरात्रि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें महाशिवरात्रि को देखते हुए भगवान शिव के गानों और नृत्यों को प्राथमिकता दी गई। बच्चों द्वारा शिव और शंकर में क्या अंतर है उसकी विशेष प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। स्कूल के प्रबंधक मुकेश मेहरोत्रा ने बताया कि कल महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्या कंचन मेहरोत्रा ने कहा कि अध्यापक अध्यापिकाओं की मेहनत से बच्चों के सुंदर–सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी जो बहुत ही मनमोहक और आकर्षक रहा ।इस कार्यक्रम में सोसायटी अध्यक्ष मनुज मेहरोत्रा सिद्धार्थ गुप्ता योगिता गुप्ता दीपिका सिंह ममता सोनकर वैशाली जयसवाल सत्या यादव आकृति सहगल संतोष गौतम सुमन तिवारी प्रीति सिंह श्वेता आनंद गुंजन गुप्ता हिमांशु आदि लोग उपस्थित रहे।

# बड़हरी– तरमौरा मार्ग बदहाल

कौशाम्बी। ।मंझनपुर तहसील के बड़हरी तरमौरा मार्ग 2किलो मीटर सड़क 7 वर्ष पहले मंडी समिति के द्वारा सड़क बनाई गई थी जो 5वर्ष पहले ही पूरी तरह गड्ढे में तब्दील हो गई है आम लोगों को रास्ते में आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है गांव के ही रमन त्रिपाठी का कहना है कि कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन इतने दिन बीत गए आज तक वही हाल है। गांव तक सड़क में बड़े–बड़े गड्ढे का सामना नात रिश्तेदारों को करना पड़ता है जिसकी शिकायत सैकड़ों बार जिले में बैठे आला अधिकारियों से की गई थी मगर अधिकारियों की उदासीनता के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है ।इस मार्ग से देवरी,बड़हरी,तरमौरा,अमीना, गोराजू, बक्सी का पूरा,पभोसा सहित दर्जनो गाँव के बच्चे श्री दिलीप सिंह इंटर कालेज बाकरगंज पढ़ने इसी मार्ग से जाते हैं।

# विजेता छात्र–छात्राओं को चाइल्ड लाइन के निदेशक ने किया पुरुस्कृत

कौशाम्बी ।कमला ग्राम विकास संस्थान द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन सब सेंटर चायल की टीम ने काजीपुर स्थित विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का अयोजन किया था। निबंध प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। . निदेशक अजीत सिंह और बीईएस शिक्षा विभाग राजू यादव ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मूरतगंज विकास खंड के काजीपुर स्थित विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में कमला ग्राम विकास संस्थान के निदेशक अजीत सिंह के निर्देश पर चाइल्ड लाइन सब सेंटर चायल की टीम ने ओपन हाउस का कार्यक्रम आयोजित किया था। इस दौरान स्कूली छात्र–छात्राओं के बीच निबंध ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सौ बच्चों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में ष्बाल श्रम सामाजिक अभिशाप क्यों ष पर कक्षा नौ और 11 के बच्चों को चार सौ शब्दों में निबंध प्रतियोगिता कराई गई थी। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम दीपिका प्रजापति, द्वितीय निकिता सिंह यादव, पलक द्विवेदी, तृतीय मानसी पटेल और पलक सिंह को दिया गया। निबंध प्रतियोगिता में भाग लगने वाले सभी छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र देते हुए निदेशक अजीत सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों से दोस्ती करना है। किसी भी प्रकार की हिंसा, छेड़खानी आदि की घटना रोकने के लिए प्रत्येक बच्चा 1098 नंबर के बारे में पूरी जानकारी रखे। ऐसी जागरूकता से ही अपराधों की रोकथाम हो सकेगी। बीईएस शिक्षा विभाग राजू यादव ने कहा कि सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर समय–समय पर बाल सुरक्षा व संरक्षण के प्रति चाइल्ड लाइन की टीम जागरूक कर रही है। जिससे सभी जरूरतमंद बच्चों को हर प्रकार से मदद मिल सके। अनाथ, बेघर, गुमशुदा और शोषित बच्चों की मदद के लिए चाइल्डलाइन 1098 पर 24 घंटे काल कर सकते हैं। प्रध ाानाचार्य राहुल शुक्ला ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चाइल्ड लाइन का उद्देश्य बच्चों को जागरूक करना है। जिससे हर बच्चे को जागरूक किया जा सके। इस मौके पर कोआर्डिनेटर गुलाम हसन, दीपक सिंह, राजमणि त्रिपाठी, त्रिभुवन लाल, परवीन अख्तर, राकेश मालवीय, नकुल तिवारी, मृत्युंजय मिश्र, नितिन, फातिमा उस्मानी, सदफ शेख, सुधा पांडेय, ओम शंकर पांडेय, आरपी ओझा, हबीब, बलदाऊ पांडेय और रवींद्र उपाध्याय समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम में महाशिवरात्रि पूजा संपन्न

कौशाम्बी। ऐतिहासिक स्थल कौशाम्बी खास मे प्राचीन कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम जोटका तालाब में महा शिव रात्रि का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में महिलाएं व पुरूष भक्तो ने पूजा अर्चना की है। आयोजक बाबा बुद्धन दास ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 24 घंटे रुद्राभिषेक एवं द नमः शिवाय का जाप शरबत का भंडारा और सभी शिव भक्तों को फलाहार भंडारा कार्यक्रम रखा है। इस कार्यक्रम में सक्षम युवा विकास फाउंडेशन उत्तर प्रदेश जनपद कौशाम्बी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम में मंदिर के संस्थापक बाबा बुद्धनदास संरक्षक एवं सक्षम युवा विकास फाउंडेशन उत्तर प्रदेश जनपद कौशाम्बी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ,कोषाध्यक्ष कौशिक अग्रहरि,अंकित केशरवानी,मंत्री कलीम हसन,सचिव मानिकचंद्र अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य ने मेडिकल कालेज की सुविधाओं का लिया जायजा

अयोध्या। पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य डॉ. अरविंद सिंह ने दर्शननगर स्थित मेडिकल कॉलेज पहुंच स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही वार्डों में निरीक्षण कर मरीजों का कुशलक्षेम जाना और समस्याएं सुनीं। वह एक निजी समारोह में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण के दौरान कुछ अव्यवस्था देखने को मिली है, जिसे ठीक कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि मरीजों ने बातचीत के दौरान अपनी समस्याएं बताई हैं साथ ही बाहर से दवा लिखे जाने को लेकर शिकायत भी की है। बाहर से दवा लिखे जाने के मामले में डॉक्टरों से वार्ता से कर भविष्य में ऐसा न करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने कहा दवा को लेकर कॉर्पोरेशन को पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में बाहर से दवा लिखने की शिकायत आई तो कार्रवाई कराई जाएगी।

# विश्व हिन्दू महासंघ नगर इकाई ने निकाला भव्य शिव बारात, राधा कृष्ण लीला कर माहौल भँक्तिमय




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नेपाल सीमा से सटे ककरहवा कस्बे में शनिवार को शिवरात्रि के अवसर पर विश्व हिन्दू महासंघ नगर इकाई द्वारा दूल्हा स्थित हनुमान गढ़ी मन्दिर से भव्य शिव बारात निकाली गई। बारात में कलाकारों द्वारा शंकर जी का रूप धारण कर अपने बरातियों के साथ नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे, था उनके साथ कई आकर्षक झांकिया थी जिसमे एक झांकी पर राधा कृष्ण का रूप बनकर नगर की ही बेटियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया तथा पूरे नगर में राधा कृष्ण लीला का मंचन कर माहौल भँक्तिमय कर दिया। तथा नगर के ही बच्चो द्वारा अन्य झांकिया भी बारात में शामिल थी। बारात की अगुवानी में डीजे, बैंड, रोड लाइट शिव बारात की शोभा बढ़ा रही थी। शिव तांडव एवं होली खेले मसाने में का मंचन करके शिव जी एवं उनकी टीम ने पूरा माहौल शिवमय कर दिया। बारात हनुमान गढ़ी से निकली जिसकी जगह जगह फूल वर्षा कर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया जा रहा था तथा कई जगह जलपान, भण्डारे, की भी व्यवस्था की गई थी। बारात नगर में भ्रमण करते हुए बॉर्डर तक पहुँची वहां से वापस नगर होते हुए राम जानकी मंदिर पहुची। जहां पर बृहत भण्डारे का आयोजन था तथा शिव विवाह का मंचन हुआ ततपश्चात रात्रि जागरण हुआ। ककरहवा के इस ऐतिहासिक शिव बारात को सफल बनाने में आयोजकों की मेहनत बहुत ही सराहनीय रही। जिसकी प्रशंसा जगह जगह की जा रही थी। बारात का शुभारंभ आये हुए अतिथियों, धर्माचार्य प्रमुख अधिवक्ता कृपाशंकर त्रिपाठी, अधिवक्ता प्रकोष्ट के अध्यक्ष इन्दु कुमार सिंह, विहिम जिला महामंत्री जय प्रकाश,अधिवक्ता प्रकोष्ठ के महामंत्री अनिल विश्वकर्मा, गो रक्षा प्रमुख अधिवक्ता सन्तोष मिश्रा, अधिवक्ता देवेश श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष कपिलवस्तु राजन मोदनवाल, को बैज लगाकर किया गया। आयोजकों में विश्व हिन्दू महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक अमन जायसवाल, विहिम के नगर अध्यक्ष एवं कार्यक्रम अध्यक्ष सर्वेश जायसवाल, उपाध्यक्ष बृजेश वर्मा, दीपक वर्मा, राज वर्मा, सुनील मिश्रा, राजू जायसवाल, मंटू मोदनवाल, आकाश शुक्ला, दीपक गौड़, अजय कश्यप, बाबूराम, द्वारिका वर्मा, विनोद कुमार, अखिलेश जायसवाल, गोरख कसौधन, सोनू वर्मा, अजय मोदनवाल, अखिलेश, त्रियुगी वर्मा, सूरज गौड़, सुभाष कसौधन, कैलाश कौशल,प्रभुदयाल गुप्ता, बाल मुकुन्द जायसवाल, राम प्रयाग, तेज प्रताप जायसवाल, हजारी गुप्ता, विवेक जायसवाल की की भूमिका सराहनीय रही।

## बारह घंटे के अन्दर बरामद, गुमशुदा लडकियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी ।शिवनगर डिंडई थाना क्षेत्र के बेलगडी गांव की गुमशुदा तीन अल्पवयस्क लडकियों को पुलिस ने बारह घंटे के भीतर बरामद कर लिया ।जानकारी के अनुसार बेलगडी गांव निवासी तीन लडकियां शिवरात्रि के दिन मेला देखने के बहाने घर से निकल गईं। शाम 04 बजे तक वापस घर न पहुंचने पर इंतजार कर रहे घर वालों का धैर्य जबाब दे गया!ग्राम प्रधान मोहम्मद असहर के साथ थाने पर पहुँच कर लडकियों के पिता ने मामले की जानकारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला को दिया! मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष श्री शुक्ला ने तत्काल लडकियों के घर का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगवा दिया! मोबाइल से मिले इन्पुट के आधार पर ग्राम प्रधान व बच्चों के अभिभावकों के साथ एसआई विश्व मोहन राय के नेतृत्व में पुलिस टीम भेजकर गुमशुदा तीनों लडकियों को चारबाग (लखनऊ) जीआरपी के अभिरक्षा में बैठाई गई लडकियों की पहचान उपरोक्त गुमशुदा लडकियों के रुप में कर ली गई। परिजनों को देख लडकियां भावुक हो रहा रोने लगी, परिजन भी अपने खुशी के आंसू नही रोक पाए। गुमशुदा लडकियों के अतिशीघ्र बरामदगी की सूचना पूरे क्षेत्र में फैल गई। लोग इस बरामदगी को लेकर पुलिस की प्रशंसा कर रहे हैं! वहीं बच्चियों के अभिभावक ग्राम प्रधान के सहयोग की भी खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राकसंप का जनजागरण अभियान शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पुरानी पेंशन



बहाली के समरथ में शनिवार को जन जागरण अभियान की शुरुआत भीमापार स्थित कैंप कार्यालय से की। कर्मचारियों ने हर–हर महादेव के उद्घोष के साथ जनजागरण की शुरुआत की।जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल की अध्यक्षता एवं जिलामंत्री राजेश कुमार मिश्र के संचालन में वक्ताओं ने कहा की पुरानी पेंशन बहाली करने के लिए भगवान भोलेनाथ डबल इंजन की सरकार को सद्बुद्धि दें।उन्हें ने कहा कि पाँच प्रदेश की सरकारों ने पुरानी पेंशन बहाल कर दिया है योगी सरकार को भी पुरानी पेंशन को लागू करना चाहिए।उन्होंने ने कहा कि जब देश आजाद हुआ तो देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी तब कर्मचारियों को पेंशन मिलती थी।सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रणजीत कुमार गौतम ने कहा कि बुढ़ापे का सहारा छीन कर हमें पंगु कर दिया गया। परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष मिश्र ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल नहीं हुई तो आर पार की लड़ाई शुरू होगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला मंत्री कली मुजफ्फर, डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार चौबे,प्रयोगशाला सहायक संघ के अध्यक्ष दयानंद मणि त्रिपाठी, आयुर्वेद फार्मासिस्ट संघ के कृष्ण मोहन उपाध्याय, विजय मिश्र, दिलीप श्रीवास्तव, गणेश शंकर मिश्र बाल विकास पुष्टाहार विभाग के हरी राम वर्मा,बी नारायण,ओपी मिश्रा श्री गणेश शंकर मिश्र, सुरेश कुमार पांडे आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी, सिद्धार्थनगर। भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन जनपद



सिद्धार्थनगर की एक आवश्यक बैठक पुरानी कचहरी स्थित सौरभ सिंह के आवास पर किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीवास्तव ने की।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रविंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि इस बैठक में जिन पदाधिकारियों का परिचय पत्र अभी तक नहीं बना है उनका परिचय पत्र बनवाने तथा जिनका बना है उनका नवीनीकरण कराना बहुत ही जरूरी है। इसके अलावा सभी सदस्यों को मासिक सदस्यता शुल्क जमा करने ,सभी प्रमुख स्थानों पर पोस्टर होर्डिंग लगाने ,टोल प्लाजा बेलगड़ी पर अवैध वसूली के संबंध में तहसील दिवस में ज्ञापन देने, संगठन के महिला प्रकोष्ठ मे सक्रिय महिलाओं को रखने आदि समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। इस बैठक में प्रमुख रूप से सतीश चंद्र त्रिपाठी, आदित्य प्रकाश त्रिपाठी ,देवेंद्र धर द्विवेदी , सौरभ सिंह, धनंजय मिश्रा ,विकास नारायण ,रत्नेश श्रीवास्तव , सत्येंद्र सिंह,चंद्र भूषण त्रिपाठी आदि तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे।

# माश शिक्षकों ने बकाया मानदेय भुगतान को लेकर सांसद से की मुलकात,दिया ज्ञापन




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शिक्षको की परेशानी हमारी परेशानी है। इसमे कोई शक नही कि माश के शिक्षको के सामने भीषण समस्या बनी हुई है । यकीन माने माश की समस्या एक आग के गोले के समान है । जिसे कोई भी जन प्रतिनिधि अपने हाथ मे लेना नही चाहता। लेकिन आप शिक्षक बंधु यकीन रखे आप के इस भीषण समस्या के हल का व्योरा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदीएवं प्रदेश के मुखिया योगी आदित्य नाथ के समक्ष रखूंगा । इसी क्रम मे उन्होंने कहा कि गुरु कि महिमा भगवान से अधिक है । बिना गुरु के भगवान कि महिमा को कौन बतएगा । उन्होंने कहा की मै हर सम्भव हेल्प करूंगा ।इसके अलावा जहा भी मुझ से हेल्प की जरूरत होगी वहां मै खड़ा रहूंगा । मुझे आशा और विश्वाश है कि समस्या से निजात जरूर मिल सकता है । निजात के लिए बेहतर प्रयास करूंगा । क्योंकि केंद्र और प्रदेश सरकार का मोटिव है ।सबका साथ सबका विकास। उन्होंने आगे कहा की वैसे आप् की समस्या पर मेरे सिवाय कोई हाथ नही डाल सकता । यह तो एक आग का गोला है। इसमे कौन है जो अपने हाथ पर आग का गोला रखेगा । फिर भी आप के यकीन और विश्वाश को टूटने नही दूंगा। उक्त् बाते रविवार को डुमरियागंज के सासद जगदम्बिका पाल के कैम्प कार्यालय पर मदरसा आधुनिकिकरण शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष हाजी समीउल्लाह उर्फ शोएब खान , प्रदेश प्रवक्ता इब्राहिम अंसारी , गोण्डा जनपद के जिला अध्यक्ष मोहसिन खान ,बलरामपुर के जिला अध्यक्ष ओवैस मोनिस आदि शिक्षको का एक प्रतिनिधि मंडल अपने सैकड़ों शिक्षक समर्थकों के साथ ज्ञापन और मुलकात के दौरान कही। भेंट मुलाकात माश के जिलाअध्यक्ष अतीउल्लाह खान , जिला मीडिया प्रभारी जाकिर हुसैन खान एवं उपाध्यक्ष सरफराज अहमद सहित जनपद के सैकड़ों शिक्षकों के कुशल उपस्थिति मे हुआ। भेंट का मुख्य उद्देश्य पांच वर्षो से बकाया केंद्रांश भुगतान , योजना का नवीनीकरण , वर्ष 2023 – 2024 के पेश किये बजट मे मदरसा आधुनिककरण शिक्षकों के बजट को शून्य के विषय पर आधारित समस्या से निजात दिलाने आदि की मांग की गई । मांग के दौरान सैकड़ों शिक्षको सिर्फ यही मांग कर रहे थे कि योजना नविनीकरण और बकाया केंद्रांश केंद्र सरकार फौरन जारी करे ।समीउल्लाह खान ने कहा की बकाया मानदेय भुगतान सहित अन्य समस्याओं से निजात नही होने तक पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का घेराव करते रहेंग । इस अवसर पर शिक्षक संघ के जिलाअध्यक्ष अतिउल्लाह खान , जिला उपाध्यक्ष सरफराज अहमद , मीडिया प्रभारी जाकिर खान , डाक्टर फकरुद्दीन , जाकिर हुसैन ,राजेश ,अंसार अहमद , सेराज आलम खान ,अकबल अहमद प्रथम , खुर्शीद अहमद , तनवीर हुसैन , अब्दुल सबूर , अमृत पटेल , अकबाल अहमद सेकण्ड , यार मोहम्मद , रहीमुल्लाह , वसीुल्लाह , निजामुद्दीन , मनीष कुमार , मोहम्मद अशरफ , श्यामसुंदर गुप्ता , नियाज अहमद , सईद आलम , जयश्राम , सफीर अहमद , अशोक कुमार यादव , महबूब अली , इरसाद अली , पवन कुमार सहित अन्य शिक्षको की उपस्थिति सराहनीय रही ।

## पंखे की कुंडी से लटकता मिला युवती का शव

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। शिवनगर डिंडई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असनार में पंखे की कुंडी से युवती का शव लटकता मिला। घटना रविवार 02:30 के आसपास की है। सूचना पर हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को नीचे उतरवाया। मिली जानकारी के अनुसार असनार निवासी 19 वर्षीय रूक्शाना पुत्री मोहम्मद हुसैन अपने बाबा मोहम्मद यूसुफ के साथ गाँव में रह रही थी। उसके मां– बाप मुम्बई में रहते हैं। रविवार को दोपहर बाद करीब ढाई बजे वह अपने घर पर अकेली थी। क्योंकि उसके बाबा गाँव में मृतक एक व्यक्ति को मिट्टी देने गये थे। बकौल युसुफ जब वह मिट्टी देकर घर पहुंचे तो देखा कि कमरे का दरवाजा अन्दर से बंद है। वह दो चार बार धक्का देकर खोलने का प्रयास किये और आवाज भी दिया, लेकिन अन्दर से कोई आवाज नहीं आई तो उन्होंने घबरा कर पडोसियों को बुलाया और पुलिस को भी इत्तिला दिया। एस आई धर्मेन्द्र प्रजापति व हमराहियों के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष श्री शुक्ला ने फारेंसिक टीम को बुलवाया। फारेंसिक टीम के पहुंचने पर दरवाजा को तोड़ कर ग्रामीणों के सहयोग से शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर शव को कब्जे में ले लिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि लाश को पीएम हेतु भेज दिया गया! घटना की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही कुछ कहना संभव होगा।

# इंटरसिटी स्थगित होने की सूचना से यात्रियों में असंतोष,लोग बोले- पुनर्विचार करे रेलवे





दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। लखनऊ मण्डल के डालीगंज–मल्हौर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के कारण रेलवे प्रशासन ने गोरखपुर बढ़नी रूट की लाइफलाइन एक्सप्रेस ट्रेन ऐशबाग गोरखपुर इंटरसिटी एवं मैलानी एक्सप्रेस का संचालन 19 फरवरी से 4 मार्च तक निरस्त कर दिया है।ट्रेनों का संचालन बंद होने से लखनऊ जाने वाले मरीजों, विद्यार्थियों,व्यापारियों में रोष व्याप्त है।लखनऊ की यात्रा करने वालों के लिए लाइफ लाइन बन चुकी गोरखपुर से बढ़नी,बलरामपुर होते हुए ऐशबाग लखनऊ जाने व आने वाली 15069 व 15070 इंटरसिटी एक्सप्रेस,मैलानी एक्सप्रेस 15009 व 15010 के संचालन बंद करने की सूचना से क्षेत्र के कई लोगों ने नाराजगी जाहिर की है।क्षेत्रवासियों ने एक्सप्रेस ट्रेनों का पुनः संचालन करने की मांग की है।छतहरा निवासी मोनू शर्मा ने कहा कि हमारे भाई का इलाज लखनऊ में हो रहा है,जिसके सिलसिले में इंटरसिटी से लखनऊ जाना–आना पड़ता है। दो सप्ताह तक इंटरसिटी एक्सप्रेस को बंद करने के निर्णय से काफी दिक्कत होगी।गड़ाकुल निवासी विष्णु उमर ने कहा कि इंटरसिटी एवं मैलानी एक्सप्रेस का संचालन दो हफ्ते तक बंद होने से इलाज करवाने लखनऊ जाने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। शोहरतगगढ़ निवासी वकार मोइज खान ने कहा अक्सर काम के सिलसिले में लखनऊ जाना होता है। इंटरसिटी से आवागमन करना हमारे लिए काफी सुविधाजनक है। रेलवे को अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर बाराबंकी तक ही ट्रेन चलाना चाहिए।चोड़ार गांव के बलिराम चौरसिया ने कहा कि इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन लखनऊ जाने के लिए हम क्षेत्रवासियों के लिए बेहतर विकल्प है।रेलवे को बाराबंकी रेलवे स्टेशन तक ही चलाने पर विचार करना चाहिए।

## कन्टेनर वाहन से तस्करी कर वध हेतु ले जा रहे 35 राशि गोवंशीय पशु को किया गया बरामद

कुशीनगर। जनपद मे गोवंशीय पशुओं के तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे पटहेरवा ओवरब्रीज के पहले छभ–28 के पास से थाना पटहेरवा पुलिस टीम द्वारा कन्टेनर वाहन (न्च 21 ब्छ 4005) से तस्करी कर वध हेतु ले जायी जा रही कुल 35 राशि गोवंशीय पशु (24 राशि जिन्दा व 06 राशि मृत बैल तथा 04 राशि जिन्दा व 01 राशि मृत गाय) की बरामदगी की गयी बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 60 / 2023 धारा 429 भादवि व 3ध्5एध्8ध्5बी गोवध निवारण अधिनियम व 11पशु क्रूरता अधिनियम बनाम अज्ञात अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

# सम्पादकीय

**।जो कमेटी बनेगी वह निवेशकों के हितों के उपाय सुझाएगी लेकिन काला धन शेयर बाजार में निवेश करने के आरोपों की जांच कौन करेगा? अगर भारत से काला धन दुनिया के टैक्स हैवन देशों में गया है और वहां से निवेश या कर्ज की शक्ल में एक कंपनी के पास आया है या शेयर बाजार में लगा है तो उसकी जांच यह कमेटी ...**

## सरकार की जांच सरकारी कमेटी करेगी!

अदानी समूह बनाम हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट का मामला दिलचस्प हो गया है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में फिर से इस पर सुनवाई होगी। यह दिलचस्प इसलिए है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में अभी तक सिर्फ एक पहलू पर सुनवाई हुई है। दो वकीलों– एमएल शर्मा और विशाल तिवारी ने अलग अलग याचिका दायर की है, जिसमें निवेशकों के हितों की रक्षा की बात तो है लेकिन साथ ही हिंडनबर्ग रिपोर्ट की भी जांच कराने की मांग की गई है और इसके अलावा हिंडनबर्ग रिसर्च की मंशा पर सवाल उठाते हुए उसकी भी जांच की मांग की गई है। अभी तक जो दो सुनवाई हुई है वह निवेशकों के हितों पर फोकस है। पिछली सुनवाई में केंद्र सरकार के सॉलिसीटर जनरल ने कहा कि सरकार निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाने के सुप्रीम कोर्ट के सुझाव से सहमत है और सरकार की ओर से सीलबंद लिफाफे में समिति के सदस्यों के नाम सौंपे जाएंगे। सोचें, मामला सरकार और नियामकों की गड़बडियों या उनकी लापरवाही का है और जो कमेटी बनेगी, उसके सदस्यों के नाम भी सरकार और नियामक यानी सेबी की ओर से सुझाए जाएंगे! अगर गड़बड़ी सरकार की है और लापरवाही सेबी की तो जांच किसी स्वतंत्र संस्था द्वारा कराया जाना चाहिए।



अदालत को खुद कमेटी बनानी चाहिए। किसी पूर्व जज को जांच की जिम्मेदारी देनी चाहिए और खुद उसकी निगरानी करनी चाहिए। यह मामला सिर्फ शेयर बाजार में एक कंपनी के कथित तौर पर गड़बड़ी करके पैसे कमाने का नहीं है, बल्कि कई तरह से आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने का है। यह तकनीकी जांच का भी मामला है क्योंकि आरोप धन शोधन का भी लग है। जो कमेटी बनेगी वह निवेशकों के हितों के उपाय सुझाएगी लेकिन काला धन शेयर बाजार में निवेश करने के आरोपों की जांच कौन करेगा? अगर भारत से काला धन दुनिया के टैक्स हैवन देशों में गया है और वहां से निवेश या कर्ज की शक्ल में एक कंपनी के पास आया है या शेयर बाजार में लगा है तो उसकी जांच यह कमेटी कैसे करेगी? उसी तरह से एक बड़ा सवाल यह है कि भारतीय स्टेट बैंक और जीवन बीमा निगम ने कैसे उस कंपनी में इतना बड़ा निवेश किया और कंपनी की कथित गड़बडियों के खुलासे के बाद इन दोनों सार्वजनिक उपक्रमों को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कौन करेगा? आखिर इन कंपनियों का पैसा भी तो आम लोगों का पैसा है! क्या यह उम्मीद की जा सकती है कि सरकार जो कमेटी बनाएगी या जिन लोगों के नाम सुझाएगी वे लोग वस्तुनिष्ठ तरीके से इन सारे मसलों की जांच कर पाएंगे? शुक्रवार को होने वाली सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में इस बारे में और स्पष्टता आएगी। यह अच्छी बात है कि अदालत निवेशकों के हितों की रक्षा पर ध्यान दे रही है लेकिन साथ ही जो आरोप लगे हैं उनकी स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच के बारे में भी सोचना चाहिए।

## श्रीराम की कृपा से कविता सर्व प्रिय हो गई



प्रभु श्रीराम की कृपा मिल जाए तो सभी कार्यों की संपन्नता सुनिश्चित है। लोकभाषा अवधी में श्रीराम चंद्र जी के बारे में कविता रच कर गोस्वामी जी लोक प्रसिद्ध होते हैं। वे श्रीरामचरित मानस में लिखते हैं कि प्रिय लागिहि अति सबहि मम भनिति राम जस संग। दारु बिचारू कि करइ कोउ बंदिअ मलय प्रसंग।। 10 क बालकांड। अर्थात श्रीराम जी के यश के संग से मेरी कविता सभी लोगों को प्रिय लगेगी, जैसे मलय पर्वत के संग से काष्ठ मात्र , चंदन बनकर , वंदनीय हो जाता है, फिर क्या कोई काठ की तुच्छता का विचार करता है। गोस्वामी तुलसीदास सचेत कवि हैं। वे जानबूझकर कविता रचना प्रक्रिया में सन्नद्ध होते हैं। भगवान श्री राम के प्रति पूर्ण समर्पण की मनोवृत्ति के साथ कविताई की दुनिया गोस्वामी जी को विशिष्ट बनाती है। लोकभाषा वे ग्राम्य भाषा की उपाधि से विभूषित करते हैं। गोस्वामी जी लिखते हैं कि स्याम सुरभि पय बिसद अति गुनद करहिं सब पान। गिरा ग्राम्य सिय राम जस गावहिं सुनहिं सुजान।।10 ख, बालकांड, श्रीरामचरित मानस।। अर्थात श्यामा गौ काली होने पर भी उसका दूध उज्ज्वल और बहुत गुणकारी होता है। यही समझकर सब लोग उसे पीते हैं। इसी तरह गंवारू भाषा में होने पर भी श्री सीता राम जी के यश को बड़े चाव से गाते और सुनते हैं। इसका कारण यह है कि श्रीरामचरित मानस एक सुगठित सामाजिक व्यवस्था का निर्माण करती है जिसमें सभी के दायित्वों का निर्धारण एक कवि की कर्म कुशलता है। राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त ने लिखा है कि राम तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है कोई कवि बन जाए सहज संभाव्य है। तो राम नाम की महिमा का ही प्रताप है कि गोस्वामी तुलसीदास जी गंवारू भाषा यानी कि लोकभाषा अवधी जन जन के कंठ का हार बनी।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

## डब्ल्यूपीएल : अब महिला क्रिकेटरों पर भी धन वर्षा

**वहीं पेस गेंदबाज तीतास साधु को 25 लाख मिल पाए लेकिन विश्व कप जिताने में नेतृत्व करने वाली शेफाली वर्मा को हाथों–हाथ लिया गया और दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें दो करोड़ में खरीदा। आईसीसी महिला विश्व कप में पाकिस्तान पर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली जेमिमा रोड्रिग्ज को इसका इनाम मिला। जेमिमा को दिल्ली कैपिटल्स ने 2.2 करोड़ में और रिचा को आरसीबी ने 1.9...**

मनोज चतुर्वेदी

भारतीय महिला क्रिकेट में वूमेंस प्रीमियर लीग की नीलामी के साथ एक नये युग की शुरुआत हो गई है। पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने कहा है कि अब देश की महिला क्रिकेटरों का कॅरियर लंबा खिच सकेगा। पहले जो खिलाड़ी रॉष्ट्रीय टीम में स्थान नहीं बना पाती थीं, वे कुछ साल खेलने के बाद क्रिकेट छोड़ देती थीं। प्रमुख वजह उनका आर्थिक रूप से आश्वस्त नहीं हो पाना था लेकिन यह लीग महिला क्रिकेटरों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाएगी। साथ ही, राष्ट्रीय चयन के लिए ज्यादा प्रतिभाएं भी मिल सकेंगी जिससे देश में महिला क्रिकेट का स्तर उठेगा।

केरल के वायनाड जिले के चोयीमूला इलाके के जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखने वाली मिन्नु को ही लें। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने 30 लाख रुपये में खरीदा है। मिन्नु कहती हैं कि उन्होंने अपने जीवन में 30 लाख कभी देखे तक नहीं हैं और मैं इस समय अपनी भावनाएं व्यक्त करने की स्थिति में नहीं हूं। इससे यह तो समझ में आता ही है कि किस तरह कमजोर वर्ग से आने वाली खिलाडियों की तस्वीर बदलेगी। खिलाडियों की तकदीर बदलेगी तो वे अपना बेस्ट देने के लिए भी प्रेरित होंगी। खिलाडियों की आर्थिक स्थिति सुधरते देख अन्य खिलाड़ी भी इस तरफ आकर्षित होंगी। बेशक, महिला क्रिकेट को फायदा मिलेगा।

पिछले दिनों आईसीसी महिला विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाने वाली भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना इस नीलामी में सबसे ज्यादा 3.4 करोड़ रुपये पाने वाली रहीं। उन्हें रॉयल चौलेंजर्स बेंगलूरु ने खरीदा। इस लीग ने अपने पहले ही साल में 20 क्रिकेटरों को करोड़पति बना दिया है। इनमें 3.2 करोड़ रुपये पाने वाली ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर, 3.2 करोड़ पाने वाली इंग्लैंड की नेट श्राइवर शामिल हैं। करोड़पति खिलाडियों में रिचा घोष, रेणुका सिंह भी शामिल हैं, जिन्होंने बेहद मुश्किलों से गुजर कर क्रिकेटर के तौर पर मुकाम हासिल किया है। रिचा सिलीगुड़ी से ताल्लुक रखती हैं। जब कोलकाता में ट्रेनिंग के लिए जाती थीं, तो उनके पिता पैसों की कमी के चलते सस्ते होटल तलाशते थे। रिचा ने इस नीलामी से पहले एक कार्यक्रम में कहा कि नीलामी के बाद पिता को एक घर खरीद कर देना चाहती हैं।

रिचा की तरह ही रेणुका ने भी मुश्किलों से गुजर कर मुकाम हासिल किया है। हिमाचल के पारसा गांव से ताल्लुक रखने वाली रेणुका ने अपने पिता केहर सिंह को छोटी उम्र में ही खो दिया था। सिंचाई विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के तौर पर काम करने वाली मां सुनीता ने वित्तीय दिक्कतों के बावजूद बेटी के सपनों को पूरा करने में हाथ नहीं खींचा। रेणुका की क्रिकेट को लेकर दीवानगी ने ही उन्हें यहां तक पहुंचाया है।

सही है कि इस लीग में अभी आईपीएल की तरह पैसा नहीं है पर इसकी लोकप्रियता के साथ खिलाडियों की रकम में इजाफा होना लाजिमी है जिससे महिला क्रिकेट की शक्ल बदल सकती है। पहली वूमेंस प्रीमियर लीग की चार मार्च से शुरुआत होनी है।

उद्घाटन मैच मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जाएगा। मैचों का मुंबई के ब्रेबोर्न और डीवाय पाटिल स्टेडियम में आयोजन होगा। इसमें 20 मैच लीग के और एक एलिमिनेटर व फाइनल मैच होगा। फाइनल 26 मार्च को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें भाग लेने वाली टीमों ने युवा खिलाडियों को लेने पर जोर दिया है। यही वजह है कि इन टीमों ने 29 अनकैप्ड खिलाडियों को खरीदा है। इनमें दो खिलाड़ी सोनम यादव और शबनम एमडी तो मात्र 15–15 साल की हैं लेकिन अनकैप्ड खिलाड़ी 34 साल की जसिया अख्तर भी हैं। कश्मीर के शोपियां की रहने वाली इस खिलाड़ी को दिल्ली कैपिटल्स ने 20 लाख में खरीदा है।

भारतीय अंडर–19 टीम ने पिछले दिनों विश्व कप जीता है। फ्रेंचाइजियों ने इस टीम की खिलाडियों को लेने में खासी दिलचस्पी दिखाई। इस टीम की नौ खिलाडियों को खरीदा गया है। जिस तरह आईपीएल में खिलाडियों को मिलने वाली रकम का कोई लॉजिक नहीं होता है, वह स्थिति यहां भी नजर आई। अंडर–19 विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाली उपकप्तान श्वेता सहरावत को लखनऊ वॉरियर्स ने बेस प्राइज 10 लाख रुपये पर ही खरीदा।

वहीं पेस गेंदबाज तीतास साधु को 25 लाख मिल पाए लेकिन विश्व कप जिताने में नेतृत्व करने वाली शेफाली वर्मा को हाथों–हाथ लिया गया और दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें दो करोड़ में खरीदा। आईसीसी महिला विश्व कप में पाकिस्तान पर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली जेमिमा रोड्रिग्ज को इसका इनाम मिला। जेमिमा को दिल्ली कैपिटल्स ने 2.2 करोड़ में और रिचा को आरसीबी ने 1.9 करोड़ रुपये में खरीदा है। लेकिन इस विश्व कप में भारतीय टीम की अगुआई करने वाली हरमनप्रीत सिंह को मुंबई इंडियंस ने 1.8 करोड़ में खरीदा। भारतीय टीम में शामिल दीप्ति शर्मा को यूपी वारियर्स ने 2.6 करोड़ रुपये में खरीद कर भारतीय खिलाडियों में स्मृति मंधाना के बाद दूसरी सबसे महंगी खिलाड़ी बना दिया है। दीप्ति को उनकी ऑलराउंड क्षमता का इनाम मिला है।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट : यूं ही ऐतबार ठीक नहीं

**आम तौर पर अर्थतंत्र की समझ न होने या कंपनी की वित्तीय स्थिति से अनभिज्ञ होने या लालच की वजह से निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ता है। मौजूदा समय में निवेशकों को किसी रिपोर्ट पर ऐतबार करने की जगह खुद से मामले के गुण–दोष का आकलन करना चाहिए खासकर तब, जब अडाणी समूह को दिए गए कर्ज में लगभग 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी विदेशी बैंकों की है, और अभी ...**

सतीश सिंह

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने झटके में अडाणी के साम्राज्य को तबाह कर दिया। चंद ही दिनों में दुनिया के रईसों की सूची में शीर्ष दूसरे स्थान से अडाणी 21वें स्थान पर पहुंच गए। रिपोर्ट के असर को देखते हुए कहा जा सकता है कि ऐसी रिपोर्टे किसी भी कंपनी को बर्बाद कर सकती हैं क्योंकि आरोपित को खुद को निर्दोष साबित करना होता है, जोकि आसान नहीं होता। अधिकांश निवेशक नकारात्मक खबर से बदहवास हो जाते हैं। वे भीड़ के साथ चलते हैं। रेटिंग एजेंसियां भी भीड़ के साथ चलती हैं। वैंकि रेटिंग एजेंसी मूडीयज ने 13 फरवरी, 2023 को अडाणी समूह की 4 कंपनियों के आउटलुक को स्टेबल से निगेटिव कर दिया है। सवाल है कि क्या पहले यह एजेंसी सो रही थी? हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से निवेशक इतने आतंकित हो गए कि अडाणी समूह के प्रमुख उपक्रम अडाणी इंटरप्राइजेज के शेयर अपने सार्वजनिक निर्गम के आधार मूल्य से नीचे चले गए और अडाणी समूह को उन्हें वापस लेना पड़ा। विश्लेषक कह रहे हैं कि अडाणी समूह के शेयरों का मूल्यांकन पहले से ही ज्यादा था। गिरावट के बाद उनकी वास्तविक कीमत सामने आई है, लेकिन सवाल है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद ही अडाणी समूह के शेयर अपनी वास्तविक कीमत पर क्यों आए? निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को कहना पड़ा कि अडाणी समूह की वित्तीय स्थिति मजबूत है, और किसी निवेशक को डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अडाणी के बैंक ऋण डिफाल्ट होने की आशंका नहीं है क्योंकि अडाणी समूह ऋण की किस्त एवं ब्याज समय पर चुका रहा है। लिहाजा, भारतीय बैंकों के डूबने का खतरा नहीं है। चूंकि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का 31 दिसम्बर, 2022 तक अडाणी समूह में 35,917.31 करोड़ रुपये का निवेश था और इसकी कुल संपत्ति 36 लाख करोड़ रुपये की है, इसलिए एलआईसी के डूबने का अंदेशा बेबुनियाद है। भारतीय स्टेट बैंक ने अडाणी समूह को 27 हजार करोड़ का ऋण दिया है, जो इस बैंक की पूंजी का महज 0.88 प्रतिशत है। पंजाब नेशनल बैंक ने समूह को 7000 करोड़ का ऋण दिया है, जबकि जम्मू–कश्मीर बैंक ने 250 करोड़ का ऋण अडाणी समूह को दिया है। सभी बैंकों का कर्ज स्टैंडर्ड है, और कंपनी समय पर किस्त एवं ब्याज बैंकों को चुका रही है। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म सीएसएलए के अनुसार अडाणी समूह पर कुल 2 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है, जिसमें से भारतीय बैंकों की हिस्सेदारी 80 हजार करोड़ रुपये से कम है, जिसमें निजी बैंकों की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत है। वैश्विक फर्म जेफरीज के अनुसार अडाणी समूह को दिया गया कर्ज नियामकों द्वारा तय दिशा–निर्देशों के अनुरूप है। रिजर्व बैंक ने भी साफ किया है कि भारतीय बैंकों ने दिशा–निर्देशों के तहत समूह को कर्ज दिए हैं। सवाल है कि भारतीय और विदेशी बैंकों ने तय दिशा–निर्देशों के अंतर्गत अडाणी समूह को ऋण दिए हैं, और अडाणी समूह बैंकों को समय पर किस्त और ब्याज का भुगतान कर रहा है, तो क्यों कहा जा रहा है कि भारतीय बैंकों द्वारा अडाणी समूह को दिए गए ऋण डूब जाएंगे? बता दें कि न्यूयॉर्क शहर में अवस्थित हिंडनबर्ग अनुसंधान करने वाली छोटी सी कंपनी है, जो शेयर, क्रेडिट और डेरिवेटिव बाजार का विश्लेषण करती है। श्रीनाथन एंडरसन ने 2017 में इसकी स्थापना की थी। यह मोटे तौर पर अनुसंधान के जरिए कॉरपोरेट धोखाधड़ी उजागर करने का काम करती है। इसने 25 जनवरी, 2023 को जारी एक रिपोर्ट जारी में कहा कि अडाणी समूह बीते कई सालों से शेयरों में और कंपनियों की बैलेंसशीट में हेराफेरी करके निवेशकों और कर्ज प्रदाताओं के साथ धोखाधड़ी कर रहा है। यह रिपोर्ट अडाणी इंटरप्राइजेज के 2०० करोड़ के एफपीओ लाने से ठीक पहले जारी की गई। लिहाजा, हिंडनबर्ग की मंशा पर भी सवाल हैं? मार्च, 2020 तक देश में कुल 4.09 करोड़ डीमैटखाते थे, जो अगस्त, 2022 में बढ़कर 10 करोड़ हो गए। एनएसडीएल और सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 10.05 करोड़ डीमैटखाते हैं, जो बताते हैं कि बड़ी संख्या में निवेशक शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं। अडाणी मामले में बड़ी संख्या में निवेशकों को नुकसान होने की वजह से यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में चला गया। अदालत ने शेयर बाजार के लिए नियामकीय तंत्र को और मजबूत बनाने पर जोर दिया ताकि निवेशकों को नुकसान नहीं उठाना पड़े। यह सही भी है, क्योंकि सटोरियों की वजह से छोटे निवेशकों को शेयर बाजार में आये दिन नुकसान उठाना पड़ता है। अदालत ने केंद्र सरकार को एक विशेषज्ञ समिति गठित करने के लिए भी कहा। शेयर बाजार का नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) है, जो सूचीबद्ध कंपनियों की गतिविधियों पर नजर रखता है। कोई सूचीबद्ध कंपनी सेबी के साथ किए गए करारनामा से इतर काम करती है, तो सेबी उस पर कार्रवाई करती है। सेबी कृत्रिम तरीके से शेयरों की कीमतों को बढ़ाने या नीचे गिराने वाले दलालों पर भी लगाम लगाती है। शेयर का अर्थ होता है हिस्सा। शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों को शेयर ब्रोकर की मदद से खरीदा–बेचा जाता है यानी कंपनियों के हिस्सों की खरीद–बिक्री की जाती है। शेयर बाजार में ब्रांड, म्युचुअल फंड और डेरिवेटिव भी खरीदे–बेचे जाते हैं। सूचीबद्ध कंपनी पूंजी उगाहने के लिए शेयर जारी करती है। जितना निवेशक शेयर खरीदते हैं, उतना उनका कंपनी पर मालिकाना हक हो जाता है। निवेशक अपने हिस्से के शेयर को ब्रोकर की मदद से शेयर बाजार में कभी भी बेच सकते हैं। ब्रोकर इसके लिए निवेशकों से कुछ शुल्क लेते हैं। किसी कंपनी के कामकाज का मूल्यांकन ऑर्डर मिलने–नहीं मिलने, नतीजे बेहतर रहने, मुनाफा बढने–घटने, आयात या निर्यात होने–नहीं होने, कारखाने या फैक्ट्री में कामकाज ठप पडने, उत्पादन घटने–बढने, तैयार माल का विपणन नहीं होने, कंपनी के बारे मीडिया में अच्छी–बुरी खबर के प्रचार–प्रसार आदि के आधार पर किया जाता है, और इसी आधार पर शेयरों की कीमतों में उतार–चढ़ाव आता है।




# तीसरे दिन ही भारत ने दी कंगारुओं को मात, सीरीज में 2–0 से आगे हुई टीम

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने मेजबान टीम को तीसरे ही दिन छह विकेट से मात दे दी है। इस सीरीज में भारतीय टीम अब 2–0 से आगे हो गई है। इस जीत के हीरो रवींद्र जडेजा रहे जिन्होंने दूसरी पारी में धमाकेदार गेंजबाजी करते हुए सात विकेट चटकाए।

रवींद्र जडेजा की पॉवरफुल गेंदबाजी के आगे कंगारु टीम टिक न सकी और सुबह के सेशन में ही 113 रन बनाकर नौ विकेट गंवा गई। दूसरी पारी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से भारत को 115 रनों का टारगेट मिला। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज महज 49 रनों के अंदर ही अपने नौ विकेट गंवा बैठे। रवींद्र जडेजा के अलावा तीन विकेट अश्विन ने लिए। इस पूरे मैच में रवींद्र जडेजा ने कुल 10 विकेट झटके। वहीं ऑस्ट्रेलिया द्वारा मिले इस छोटे से टारगेट को कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। टीम के लिए अपना 100वां टेस्ट खेल रहे चेतेश्वर पुजारा 31 रन पर नाबाद रहे। कप्तान रोहित शर्मा ने भी 20 गेंद की आक्रामक पारी में 31 रन बनाये।




ऐसी रही थी दोनों टीमों की पहली पारीः हरफनमौला अक्षर पटेल की 74 रन की शानदार पारी के साथ रविचंद्रन अश्विन (37) के साथ आठवें विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को मैच में वापसी की। भारत की पहली पारी 83.3 ओवर में 262 रन पर सिमटी जो ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी से एक रन कम है। नाथन लियोन के पांच विकेट से भारतीय टीम 139 रन तक शीर्ष क्रम के सात विकेट गंवाकर पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के कागार पर थी लेकिन अक्षर और अश्विन ने अगले 29.3 ओवर (117 गेंद) तक ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को सफलता से दूर रख मैच में भारत की वापसी करायी। अक्षर ने 115 गेंद की पारी में नौ चौके और तीन छक्के लगाये जबकि अश्विन ने 71 गेंद की पारी में पांच चौके जड़े। लियोन ने 29 ओवर में 67 दिये और टेस्ट में 22वीं बार पांच या उससे अधिक विकेट चटकाये। लियोन को पदार्पण कर रहे मैथ्यू कुहनेमैन (21.3 ओवर में 72 रन) और दूसरा टेस्ट खेल रहे टॉड मरफी (18 ओवर में 53 रन) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दो–दो विकेट लिये। दिन का खेल खत्म होने तक हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट पर 61 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 62 रन की हो गयी और उसके नौ विकेट बचे हुए है। स्टंप उखडते समय ट्रैविस हेड 40 गेंद में 39 और मार्नुस लाबुशेन 19 गेंद में 16 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे जबकि उस्मान ख्वाजा (छह) रविंद्र जडेजा (23 रन पर एक विकेट) की गेंद पर श्रेयस अय्यर को कैच दे बैठे। डेविड वॉर्नर चोटिल होने के कारण मैच से बाहर हो गये है और उनकी जगह ख्वाजा के साथ हेड ने पारी का आगाज किया। ऐसी रही भारत की पहली पारीः भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जहां स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे वहीं पहले टेस्ट में 84 रन की पारी खेलने वाले अक्षर और अश्विन की जोड़ी को आक्रामक बल्लेबाजी करने का फायदा मिला। अक्षर ने कुहनेमैन के खिलाफ छक्का जड़कर लगातार दूसरा अध शतक जड़ा। उन्होंने लियोन के खिलाफ भी गेंद को दर्शकों के पास भेजा। अपनी पारी के दौरान उन्होंने पैट कमिंस के खिलाफ बैकफुट पंच पर शानदार कवर ड्राइव लगाये। दूसरी ओर अश्विन ने भी रन बनाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा। इस साझेदारी को ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (41 रन पर एक विकेट) ने नयी गेंद लेने के बाद तोड़ा। शुरुआती सत्र में विकेटों के पतझड़ के बाद विराट कोहली (84 गेंदों में 44 रन) और रविंद्र जडेजा (74 गेंदों पर 26 रन) ने लंच के बाद के सत्र में पांचवें विकेट के लिए 59 रन जोड़कर भारतीय पारी को स्थिरता प्रदान की लेकिन मरफी और बाएं हाथ के स्पिनर कुहनेमैन ने दोनों को जल्दी–जल्दी आउट कर ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। कोहली को लौटना पड़ा पवेलियनः कोहली मैच में शानदार लय में दिख रहे थे और बड़ी पारी खेलने की ओर बढ़ रहे थे लेकिन उन्हे किस्मत का साथ नहीं मिला। अंपायर ने कुहनेमैन की गेंद पर उन्हें पगबाधा करार दिया। भारत के इस पूर्व कप्तान ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ डीआरएस (अंपायर के फैसले की समीक्षा) लिया लेकिन टेलीविजन रीप्ले में इस बात का कोई निर्णायक सबूत नहीं मिला कि गेंद पहले पैड पर लगी या बल्ले से। आखिरकार मैदानी अंपायर का फैसला बरकरार रहा और कोहली को पवेलियन लौटना पड़ा। इससे पहले मरफी ने पिछले कुछ समय से भारत के लिए लगातार अच्छी बल्लेबाजी कर रहे जडेजा को पगबाधा किया। इन दोनों के पवेलियन लौटने के बाद विकेटकीपर कोना भरत (छह) ने बल्ले से एक और बार निराश किया। स्वीप शॉट खेलने के चक्कर में गेंद उनके ग्लव्स में लगी और स्लिप में खड़े स्टीव स्मिथ ने विकेटकीपर के पीछे भाग कर शानदार कैच लपका। इससे पहले दिन के शुरूआती सत्र में लोकेश राहुल (17) की खराब लय जारी रही जबकि चेतेश्वर पुजारा (शून्य) अपने 100वें टेस्ट की पहली पारी यादगार नहीं बना सके। भारतीय शीर्ष क्रम में सिर्फ कप्तान रोहित शर्मा (32) ही अच्छी लय में दिखे। जामथा (नागपुर) की तुलना में कोटला की पिच की गति थोड़ी अधिक थी। ऐसे में लियोन ने 'फ्लाइटेड' गेंदों का शानदार इस्तेमाल किया। इससे बल्लेबाजों के मन में संदेह पैदा हुआ और वे बार–बार चकमा खाते दिखे। सलामी बल्लेबाज राहुल ऑस्ट्रेलिया के दो डीआरएस (अंपायर के फैसले की समीक्षा) अपील में बच गए लेकिन इसके बाद लियोन की गेंद पर पगबाधा होकर पवेलियन लौटे। लियोन ने 'राउंद द विकेट' से गेंदबाजी की और उनकी गेंद को उम्मीद से ज्यादा टर्न मिली। राहुल की लगातार असफलता के बाद एक बार फिर से शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल को अंतिम एकादश में मौका नहीं देने के टीम प्रबंधन के फैसले पर सवाल उठने लगे हैं। पिछले मैच में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित एक बार फिर स्वीप शॉट को प्रभावी तरीके से खेल रहे थे, लेकिन वह लियोन की सीधी गेंद को पढ़ने में चूक कर बोल्ड हो गये। स्टेडियम में लगभग 20,000 दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट ने 100वें टेस्ट में पुजारा का स्वागत किया लेकिन वह पगबाधा हो गये। पुजारा ने लियोन की फ्लाइटेड गेंद को रक्षात्मक तरीके से खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके पैड से टकरा गयी। मैदानी अंपायर के नॉट आउट के फैसले के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया और पुजारा को पवेलियन लौटना पड़ा। चोट से वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर (चार) क्रीज पर सहज दिखे लेकिन उनकी बैकफुट फ्लिक को शॉटलेग पर खड़े पीटर हैंड्सकॉम्ब ने लपक लिया।

# बंगाल को नौ विकेट से हराकर सौराष्ट्र बना रणजी चौम्पियन

कोलकाता। बाएं हाथ के अनुभवी तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने दूसरी पारी में 85 रन देकर छह जबकि मैच में नौ विकेट चटकाये जिससे सौराष्ट्र ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी के फाइनल के चौथे दिन बंगाल को नौ विकेट से शिकस्त दी। सौराष्ट्र ने पहली पारी में 230 रन बड़ी बढ़त लेने के बाद ही जीत की ओर कदम बढ़ा दिया था। बंगाल ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 169 रन से आगे से की लेकिन उसकी पूरी टीम 241 रन पर आउट हो गयी। सौराष्ट्र को मैच अपने नाम करने के लिए 12 रन का लक्ष्य मिला। आकाशदीप की गेंद पर सौराष्ट्र ने सलामी बल्लेबाज जय गोहिल (शून्य) का विकेट गंवाया लेकिन टीम 2.4 ओवर में 14 रन बनाकर दूसरी बार रणजी ट्रॉफी चौम्पियन बनी। सौराष्ट्र को पिछला खिताब 2019–20 सत्र में मिला था।

उस समय टीम ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर बंगाल को पछाड़ा था। सौराष्ट्र



ने पिछले 10 सत्र में पाँच बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाकर अपनी निरंतरता साबित की। बंगाल की टीम एक बार फिर चौम्पियन बनने से चूक गयी। उसने अपना पिछला खिताब 1989–90 में इसी ईडन गार्डन्स मैदान में सितारों से सजी दिल्ली को हरा कर जीता था। टीम का पहला खिताब 1938–39 में आजादी से पहले के दौर में आया था। उनादकट ने दिन के शुरुआती सत्र में एक बार फिर अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया। उन्होंने शाहबाज अहमद (27) के रन आउट होने के बाद आखिरी पांच में से चार विकेट चटकाये। शनिवार को उन्होंने दो विकेट लिये थे। बंगाल के अनुभवी बल्लेबाज कप्तान मनोज तिवारी (68) और अनुस्तूप मजूमदार (61) ने अर्धशतकीय पारी खेल जुझारूपन दिखाया लेकिन टीम को शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने निराश किया। अभिमन्यु ईश्वरन फाइनल की दो पारियों में शून्य और 16 रन ही बना सके। सेमीफाइनल में शतक जड़ने वाले सुदीप घरामी शून्य और 14 का योगदान ही दे पाये। घरामी ने इस सत्र में 800 से ज्यादा रन बनाने है। फाइनल में सुमंत गुप्ता को पदार्पण का मौका देना भी बंगाल को भारी पड़ा। उनके पास शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के लिए जरूरी तकनीक की कमी दिखी। वह बाहर निकलती गेंदों पर असहज दिखे। राज्य के खेल मंत्री और टीम के कप्तान तिवारी ने रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने के लिए अपने संन्यास के फैसले को टाला था। यह उनका चौथा फाइनल था लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। इससे पहले, तिवारी और शाहबाज की पिछले दिन की जोड़ी तीसरा रन चुराने की कोशिश में गफलत की शिकार हुई। इसका खामियाजा शाहबाज को रन आउट होकर भुगतना पड़ा। इससे तिवारी का लय भी गड़बड़ा गया।

इसे भी पढ़ेंरू ब्वंबी तैनस क्तंअपक से बात कर रहे थे टपतंज ड्डवीसप, अचानक अपना फेवरेट खाना देखकर दिया चौंकाने वाला रिएक्शन, देखें वीडियो

वह उनादकट की बाहर जाती गेंद पर बल्ला अड़ा कर आउट हुए। इसके कुछ ही समय बाद बंगाल का स्कोर नौ विकेट पर 205 रन हो गया। मुकेश कुमार और इशान पोरेल की आखिरी जोड़ी ने 37 गेंद में 36 रन की साझेदारी कर टीम को पारी की हार से बचाया। रणजी फाइनल के लिए भारतीय टीम से रिलीज किये गये उनादकट ने पहली पारी में 44 रन देकर तीन विकेट लिये थे। उन्हें युवा वामहस्त तेज गेंदबाज चेतन सकारिया को अच्छा साथ मिला था। सकारिया ने 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे।

# कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में रचा इतिहास, सबसे जल्दी 25000 रन ठोकने वाले खिलाड़ी बने

भारत के रन मशीन विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ




टेस्ट मैच में नया कीर्तिमान स्थापित करने के साथ ही फिर से चर्चा में आ गए है। इस टेस्ट मुकाबले में विराट कोहली ने ऐताहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 25,000 रन बानने का कीर्तिमान स्थापित किया है।

नई दिल्ली में खेले गए बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मुकाबले के तीसरे दिन विराट कोहली ने ये कारनामा किया। इसी के साथ विराट कोहली ने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर को पछाड़ दिया। विराट कोहली ने 25 हजार रन 549 पारियों में पूरे किए जबकि सचिन को ये उपलब्धि हासिल करने में 577 पारियां खेलनी पड़ी थी। विराट कोहली 25 हजार रन बनाने वाले दुनिया के छठे खिलाड़ी और दूसरे भारतीय बन गए है। आंकड़ों के मुताबिक विराट कोहली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक 31313 गेंदों का सामना किया है और 25 हजार रन बनाने की उपलब्धि हासिल की है। सिर्फ यही नहीं विराट कोहली दुनिया के पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने इस उपलब्धि को 50 की औसत से हासिल किया है। इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज : 1. सचिन तेंदुलकर (भारत) (577 पारियां) – 34357 रन

2. कुमार संगकारा (श्रीलंका) (608 पारियां) – 28016 रन

3. रिकी पोंटिंग (ऑस्ट्रेलिया) (588 पारियां) – 27483 रन 4. महेला जयवर्धने (श्रीलंका) (701 पारियां)– 25957 रन 5. जैक कैलिस (साउथ अफ्रीका) (594 पारियां) – 25534 रन 6. विराट कोहली (भारत) (549 पारियां) – 25000 रन

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के साथ हासिल की उपलब्धि। विराट कोहली ने जहां शानदार उपलब्धि हासिल की वहीं भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर दूसरा टेस्ट मैच भी अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा ने आक्रामक रूख अपनाया और पुजारा के साथ गफलत का शिकार होकर रन आउट होने से पहले 20 गेंद में 31 रन की पारी खेली। इसके बाद क्रीज पर आये विराट कोहली ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25,000 रन पूरे करने वाले सचिन तेंदुलकर (34357 रन) के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने। इससे पहले यह रिकॉर्ड तेंदुलकर के नाम था जिन्होंने 577 पारी में 25,000 रन पूरे किये थे।

# यूकेः शैम्पेन की बोतल से पिता की हत्या के जुर्म में भारतीय मूल के व्यक्ति को उम्रकैद की सजा

उत्तरी लंदन में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को पिता की हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। आरोपी



डीकन पॉल सिंह विज (54) को पिछले महीने ओल्ड बेली अदालत में सुनवाई के बाद दोषी पाया गया और शुक्रवार को उसी अदालत में विज को 18 साल की सजा सुनाई गई। जांच में शामिल एक पुलिस अधिकारी ने बताया, ''डीकन पॉल सिंह विज के इस कृत्य ने उसके परिवार को तबाह कर दिया। उन्हें हमेशा अपने प्रियजन के जाने के गम का सामना करना होगा जबकि विज को जेल में अपनी सजा काटनी होगी।'' पुलिस अधिकारी ने बताया, ''अर्जन सिंह विज (86) उत्तरी लंदन के साउथगेट में अपने बेटे के साथ रहते थे, जहां 2021 में हुई घटना के बाद पुलिस को बुलाया गया था। पुलिस ने उन्हें (अर्जन सिंह विज को) घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया था।'' पुलिस के मुताबिक, ''पोस्टमार्टम में मौत का कारण सिर पर किसी चीज से तेज प्रहार बताया गया।'' 'इवनिंग स्टैंडर्ड' अखबार के मुताबिक, उनका बेटा निर्वस्त्र था और शैम्पेन की लगभग 100 बोतलों से घिरा हुआ था, जिसमें वीउवे क्लिकॉट और बोलिंगर की खून से सनी बोतलें भी शामिल थीं। पुलिस की जांच के दौरान आरोपी ने हत्या की बात से इनकार किया था, लेकिन जांच के दूसरे ही दिन उसने आरोप स्वीकार करते हुए कहा, ''मैंने बोलिंगर शैम्पेन की बोतल से अपने पिता के सिर पर वार कर उनकी हत्या कर दी।'' आरोपी ने कहा कि उसका इरादा अपने पिता को गंभीर नुकसान पहुंचाना नहीं था। ज्यूरी ने मामले में फैसले को लेकर विचार–विमर्श करने के लिए एक दिन से भी कम का समय लिया और आरोपी को हत्या का दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

# पाकिस्तान पहले ही दिवालिया हो चुका हैः रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि देश पहले ही दिवालिया हो चुका है। उन्होंने मौजूदा आर्थिक संकट के लिए सेना, नौकरशाही और राजनीतिक नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। अपने गृह नगर सियालकोट में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को खुद को स्थिर करने के लिए अपने



पैरों पर खड़ा होना जरूरी है। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने उनके हवाले से कहा, "आपने सुना होगा कि पाकिस्तान दिवालिया हो रहा है। यह पहले ही हो चुका है। हम एक दिवालिया देश में रह रहे हैं।" उन्होंने कहा, "हमारी समस्याओं का समाधान देश के भीतर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास पाकिस्तान की समस्याओं का समाधान नहीं है।" उन्होंने कहा कि सेना, नौकरशाही और राजनीतिक नेताओं समेत हर कोई मौजूदा आर्थिक बदहाली के लिए जिम्मेदार है क्योंकि पाकिस्तान में कानून और संविधान का पालन नहीं किया जाता। पूर्ववर्ती सरकार पर हमलावर रुख अपनाते हुए आसिफ ने कहा कि ढाई साल पहले पाकिस्तान में आतंकवादी लाए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवाद की मौजूदा लहर चली। शुक्रवार को कराची में पुलिस कार्यालय पर हुए हमले के बारे में उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों ने हमलावरों का बहादुरी से मुकाबला किया।

# सीरिया की राजधानी दमिश्क पर इजराइल के हवाई हमलों में पांच लोगों की मौत

दमिश्क। इजराइल ने बीती रात मध्य दमिश्क के एक रिहायशी



इलाके पर हवाई हमले किए, जिनमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने कहा कि स्थानीय समयानुसार रात करीब साढ़े 12 बजे राजधानी में धमाकों की तेज आवाज सुनी गई और सीरिया की हवाई रक्षा प्रणाली "दमिश्क के आसपास आसमान में दुश्मन के हमलों का जवाब दे रही है।" समाचार एजेंसी ने सैन्य सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि हमलों में एक सैनिक सहित पांच लोग मारे गए हैं तथा 15 लोग घायल हुए हैं। इसने कहा कि कई रिहाइशी इमारतें तबाह हो गई हैं। हमले को लेकर इजराइल का तत्काल कोई बयान नहीं आया है। इजराइली हवाई हमलों में अकसर दमिश्क के आसपास के क्षेत्रों को निशाना बनाया जाता है। छह फरवरी को तुर्किये और सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप के बाद से ये पहले हमले हैं। इजराइल ने हाल के वर्षों में सीरिया के सरकार–नियंत्रित हिस्सों में सैकड़ों हमले किए हैं, लेकिन उसने कभी इन हमलों या अभियानों पर बात नहीं की। हालांकि इजराइल यह स्वीकार करता है कि वह ईरान समर्थित आतंकवादी संगठनों के ठिकानों को निशाना बनाता है, जिनमें लेबनान के हिज्बुल्ला जैसे संगठन शामिल हैं।

# Air India के लिए बेड़े में विस्तार एक जरूरत है : पूर्व प्रमुख तुलसीदास

नयी दिल्ली। भारत में लगभग दो दशक पहले सरकार के स्वामित्व वाली एयर इंडिया का विमानों का बेड़ा बहुत छोटा था और उसमें भी बार–बार खराबी आने की आशंका बनी रहती थी। तब, विमानों को पट्टे पर लिया गया और बाद में एयरलाइन ने 111 विमानों की खरीद का ऑर्डर दिया। एयर इंडिया द्वारा 470 नए विमानों की खरीद का ऑर्डर देने के बीच इस एयरलाइन कंपनी के पूर्व प्रमुख वी. तुलसीदास



ने कहा कि बेड़े में विस्तार की जरूरत है, जिससे लंबे समय से चली आ रही इस शिकायत को दूर करने में मदद मिलेगी कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले अधिकांश भारतीय विदेशी एयरलाइंस से यात्रा करते हैं। तुलसीदास दिसंबर, 2003 से मार्च, 2008 तक एयर इंडिया के प्रमुख रहे थे। हालिया ऑर्डर से पहले एयर इंडिया ने अंतिम बार विमान खरीद का ऑर्डर 2005 में तुलसीदास के कार्यकाल में ही दिया था। तब 111 विमानों की खरीद का ऑर्डर दिया गया था। अंतरराष्ट्रीय विमानन केंद्रों के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत में ऐसे कई केंद्र हो सकते हैं क्योंकि भारत में अब विश्वस्तरीय हवाई अड्डे और मजबूत एयरलाइंस हैं। तुलसीदास ने कहा, ''हमने ही सिंगापुर, दुबई और अन्य स्थानों को अंतरराष्ट्रीय केंद्र दिए हैं। इसकी वजह यह रही कि हमारे पास अच्छे हवाई अड्डे और बड़ी तथा मजबूत एयरलाइंस नहीं थीं।'' उन्होंने कहा कि अब हमारे पास विश्वस्तरीय हवाई अड्डे हैं। हमारे एयरलाइन अब काफी मजबूत हैं। इस संयोजन के साथ देश में अंतरराष्ट्रीय केंद्र या हब हो सकते हैं।

## ग्रामीण प्रतिभाओं को रखना होगा गांव की माटी से लगाव

गौरी बाजार। क्षेत्र के ग्राम सिरसिया पांडेय में पूर्वांचल की विभूतियों सहित ग्रामीण सेवा से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री व पूर्व अध्यक्ष साहित्य अकादमी डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने कहा कि लोग रोजगार और व्यवसाय के चक्कर में गांव को छोड़ कर शहर में बस रहे हैं। इससे गांव वीरान होते जा रहे हैं। ग्रामीण प्रतिभाओं को गांव की माटी से लगाव रखना होगा। प्रतिभाओं को पुनरू गांव की तरफ लौटना होगा। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल रवींद्र प्रताप शाही ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा। पहले की अपेक्षा वर्तमान में चुनौतियां बहुत हैं। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व न्यायाधीश एवं भारत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र भूषण पांडेय ने कहा कि भारत परिषद गांव से पलायन रोकने एवं ग्रामीण प्रतिभाओं को फलक पर लाने का मेरा प्रयास पूरे देश में निरंतर जारी रहेगा। इसके पूर्व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पद्मश्री डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, लेफ्टिनेंट जनरल रवींद्र प्रताप शाही, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक डॉ. तेज प्रताप सिंह, बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर प्राचार्य केपी कुशवाहा, अजय कुमार त्रिपाठी, अरविंद कुमार आदि पूर्वांचल की विभूतियों को सम्मानित किया गया। समाज, साहित्य एवं ग्रामीण सेवा के लिए पूर्व ब्लाक प्रमुख पहलवान सिंह, शिक्षक नेता शार्दुल सिंह, सच्चिदानंद मिश्र, बलराम यादव, राजकीय महाविद्यालय इंदूपुर के प्राचार्य उदयभान आदि सहित एक दर्जन लोगों को भी सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान सुनीता देवी करुणापति त्रिपाठी, रामआसरे, रामाश्रय प्रसाद आदि उपस्थित रहे। आयोजक उपेंद्र नाथ पांडेय ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## पांच वार्डों में सुधरेगी तालाबों की दशा

महराजगंज। जिले के पांच वार्डों में स्थित तालाबों की दशा सुधारने की पहल होगी। नगरपालिका प्रशासन ने अलग–अलग वार्डों के एक–एक तालाब का चयन कर लिया है। उनका सुंदरीकरण होने से वार्ड के लगभग 10 हजार से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। नगर भी विकास की दिशा में आगे बढ़ सकेगा। नगर में 50 से अधिक तालाब चिह्नित हैं। सुधारात्मक पहल न होने से अधिकतर वार्डों के तालाब बदहाल हैं। पालिका का उद्देश्य है कि नगर के मुजहना खुर्द, गबडुआं, अमरूतियां, पिपरा बाबू व महुअवां में न सिर्फ तालाब को सुंदर बनाया जाए, बल्कि इस तरह निर्मित कराया जाए कि वार्ड के लोग भी सुबह व शाम वहां पर पहुंच कर लाभ उठा सकें। तालाब होगा तो जल को भी अच्छे तरीके से संरक्षित किया जा सकेगा। रेलिंग व पौधे भी लगाने पर होगा जोरः चयनित सभी पांच तालाबों के पास रेलिंग व पौधरोपण का कार्य भी कराया जाएगा। रेलिंग से जहां लोगों को सुरक्षित करने का कार्य होगा, वहीं, पौधे के लगने से तालाब के स्थल को भी पर्यावरणीय दृष्टि से मजबूत बनाया जा सकेगा।

## ग्राम पंचायतों में चौपाल 24 को

महराजगंज। जिले के सभी 12 ब्लॉकों के दो–दो ग्राम पंचायतों में चौपाल होगी। इसमें ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहकर आम लोगों की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। जारी किए गए कार्यक्रम के मुताबिक रतनपुर ब्लॉक के हरपुर व कोल्हुई, फरेंदा के छितही बुजुर्ग व डडवार खुर्द एवं घुघली के मटकोपा व बांसपार नूतन में चौपाल होगी। बृजमनगंज के सोनपिपरी व बहदुरी, सदर के सिसवनिया व खेमपिपरा व धानी के बरडाड व बरगाहपुर में चौपाल लगेगी। लक्ष्मीपुर के परसौनी कला व लक्ष्मीपुर कैथवलिया, पनियरा के बेलटिकरा व रजौड़ा पंजुम व निचलौल के झुलनीपुर व बूढ़ाडीह कला में चौपाल होगी। मिठौरा के रजवल व रामपुर महुअवा, परतावल के कतरारी व विशुनपुर खुर्द एवं सिसवा के गौनरिया व मुंडेरा खुर्द में चौपाल लगेगी। जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास ने बताया कि सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिवार्य रूप से उसमें हिस्सा लेते हुए चौपाल को सफल बनाएं।

## 4.60 करोड़ से 23 गांवों में बढ़ेगी विकास की रफ्तार

महराजगंज। अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में विकास की रफ्तार को बढ़ाने की दिशा में पहल प्रारंभ हुई है। शासन की ओर से इस बार भी जिले के 23 गांवों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। इन गांवों में 4.60 करोड़ रुपये से बुनियादी सुविधाओं का विकास होगा। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत उन गांवों के चयन पर जोर दिया जाता है, जहां पर अनुसूचित जाति की आबादी अधिक है। उद्देश्य होता है कि इन गांवों व उनकी बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर किया जाए। ताकि कि वे भी अच्छा जीवन जी सकें। इस बार भी शासन ने कुल 23 गांवों को चयनित करते हुए उसमें नाली, सड़क समेत अन्य निर्माण कार्य तथा प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने की योजना बनाई है। इन विकास कार्यों के होने से इन सभी 23 गांवों में रहने वाले 30 हजार से अधिक लोगों को उसका लाभ मिल सकेगा। इन 23 गांवों में दिखेगा विकासः प्रधानमंत्री आदर्श गांव के रूप में जिन 23 गांवों में विकास दिखना है, उनमें सदर का तरकुलवा व सवरेजी, परतावल का मोहनापुर, पनियरा का मुजुरी व रजौड़ा खुर्द, निचलौल का भेड़िहारी, हरगांव, खम्हौरा व बजही, मिठौरा का दमकी, सिसवनिया व नंदना, सिसवा का लक्ष्मीपुर कोर्ट, रजवल मदरहा व बल्लो खास, फरेंदा का पिपरा खल्ली, डंडवार खुर्द व सिंहपुर अयोध्या, घुघली का गोड़धोवा, विश्वनाथपुर व सिरसिया, नौतनवां का शेख फरेंदा व लक्ष्मीपुर के रामनगर का चयन हुआ है।

## गोबर के निस्तारण के गुर सीखेंगे प्रधान व सचिव

महराजगंज। जिले के विभिन्न ब्लॉकों के प्रधान व सचिव को गोबर के उचित निस्तारण के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। सभी 25 व 26 फरवरी को मिठौरा ब्लॉक के ग्राम नंदना में जाकर वहां स्थित वर्मी कंपोस्ट यूनिट में हिस्सा लेंगे। वहां पर प्रशिक्षक के रूप में नागेंद्र पांडेय की ओर से सभी को जानकारी दी जाएगी। 25 फरवरी को बृजमनगंज ब्लॉक के बचगंगपुर, बड़गों, बंजरहा सोनबरसा, दुबौलिया, हाता बेला हरैया, कम्हरिया बुजुर्ग, कोल्हुई, मैनहवा, मटिहनवा, मिश्रौलिया, फुलमनहां, पिपरा परसौनी व शाहाबाद एवं धानी ब्लॉक के बरगाहपुर, कानापार, करमहा व नौसागर के प्रधान व सचिव हिस्सा लेंगे। घुघली ब्लॉक के चौमुखा, लक्ष्मीपुर देउरवां, मेदनीपुर, पकड़ी विशुनपुर, पकड़ियार विशुनपुर, पिपरा ब्राह्मण व रामपुर बल्डीहा व लक्ष्मीपुर ब्लॉक के एकमा के प्रधान व सचिव प्रतिभाग करेंगे। मिठौरा ब्लॉक के खजुरिया, मधुबनी, मिठौरा, पनेवा–पनेई, पतरेंगवा व सिंदूरिया के प्रधान व सचिव लाभ उठाएंगे। 26 फरवरी को नौतनवां के बरगदवां, चकदह व पिपरा, निचलौल के सोहगीबरवां व ठूठीबारी, पनियरा के डिंगुरी, जंगल बड़हरा, नरकटहां व सतगुर के प्रधान व सचिव प्रशिक्षित होंगे। परतावल ब्लॉक के बड़हरा बरईपार, बसहिया बुजुर्ग, लखिमा व नटवा, फरेंदा ब्लॉक के बारातगाड़ा, लेजार महदेवा , मथुरा नगर, सिधवारी व उदितपुर, सदर ब्लॉक के बागापार, बांसपार बेजौली, चेहरी, करमहा, कटहरा खास व नेता सुरहुरवा के प्रधान व सचिव लाभ उठाएंगे। सिसवां के गोपाला, हरखपुरा, हरपुर पकड़ी व लक्ष्मीपुर एकडंगा के प्रधान व सचिव हिस्सा लेंगे। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध गोबर के बेहतर निस्तारण व किसानों की आय को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। भविष्य में इसका लाभ मिलेगा।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

देवरिया/रुद्रपुर। महाशिवरात्रि पर शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए लाइन में खड़े हो गए। बम–बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों से समूचा क्षेत्र गूंज उठा। जगह–जगह मेले का भी आयोजन किया लगाया गया। रुद्रपुर के दुग्धेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों की सर्वाधिक भीड़ रही। करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने गर्भगृह में दर्शन किए। मझौलीराज के दीर्घेध्वरनाथ, बरहज क्षेत्र के महेंद्रनाथ व नीलकंड मंदिर, देवरिया के सोमनाथ मंदिर, न्यू कॉलोनी स्थित श्री सिद्धेश्वरनाथ मंदिर, कचहरी रोड स्थित बाबा ओंकाररेश्वरनाथ मंदिर, बघौचघाट के नर्मदेश्वर मंदिर और रुद्रपुर मार्ग पर लक्ष्मी नारायण मंदिर में जलाभिषेक करने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रुद्रपुर स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल दुग्धेश्वरनाथ मंदिर में भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने रात में दो बजे ही कपाट खोल दिया। शाम पांच बजे तक भक्तों ने मंदिर पर पूजन अर्चन किया। महिला और पुरुष कतारबद्ध होकर गर्भगगृह में जलाभिषेक करने पहुंच रहे थे। शिवभक्तों ने भगवान को दूध, जल, धतुरा, भांग, मेवा चढ़ा कर पूजन अर्चन किया। मंदिर पर प्रशासन की ओर से भीड़ की सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा, विधायक जयप्रकाश निषाद ने भी मंदिर पर पूजन अर्चन कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मेले में जुटी भीड़ ने चरखी, मौत का कुंआ का भरपूण आनंद लिया। महिलाओं ने पूजा अर्चन करने के बाद मेले में जमकर खरीदारी की। क्षेत्र के रामलक्षन, एकौना, मदनपुर और पकड़ी बाजार स्थित शिव मंदिरों में भी लोगों ने शिवरात्रि पर पूजन दर्शन किए।

बाबा के माथे सजा सेहरा, गूंजे मंगल गीतः महाशिवरात्रि पर नगर में परंपरागत भूत–पिशाच की टोली के साथ दुग्धेश्वरनाथ की भव्य बरात निकली। शिवभक्त भाव नृत्य करते हुए मंदिर परिसर में देर शाम पहुंचे। मंदिर के गर्भगृह में बाबा दुग्धेश्वरनाथ के माथे पर सेहरा सजाकर लोगों ने शिव–पार्वती विवाह की रस्म पूरी की। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। आयोजन की भव्यता देखते ही बन रही थी।

भीड़ में बेहोश होकर गिरी महिलाएंः जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़ में अचानक महिलाएं बेहोश होकर गिरने लगीं। स्काउट की रेंजर ने उन्हें भीड़ से बाहर निकाला। एनसीसी और स्काउट के स्वयंसेवकों ने महिलाओं का प्राथमिक उपचार किया। कई बार भीड़ को काबू में करने के लिए कैडेट्स को बैरिकेडिंग पर चढ़ना पड़ा। मंदिर पहुंचे डीएम और एसपी ने कैडेट्स के कार्यों की सराहना की।

मंदिर पर रहा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का इंतजामः मंदिर परिक्षेत्र में सुरक्षा का व्यापक इंतजाम रहा। रुद्रपुर–गोरखपुर मार्ग पर वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया था। मंदिर के मुख्य गेट पर स्वास्थ्य विभाग की टीम जमी रही। नगर पंचायत की ओर से सफाई और पथ प्रकाश की व्यवस्था रही। एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला, सीओ पंचम लाल, नायब तहसीलदार करन सिंह, ईओ कमलेश कुमार शाही, डॉ. दिनेश यादव, बीडीओ विवेकानंद मिश्र, देवेंद्र प्रताप यादव आदि मौजूद रहे।

डीएम एसपी ने लिया सुरक्षा का जायाजाः सलेमपुर। तहसील क्षेत्र के शिवालय हर हर महादेव से गुंज उठे। महाशिवरात्रि पर शिवालयों में पहुंचकर भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मझौलीराज के दीर्घेश्वर नाथ मंदिर में डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुबह चार बजे से ही शिवालयों में जलाभिषेक शुरू हो गया। फल फूल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, मिष्ठान आदि चढ़ाकर भक्तों ने अपने देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना कर स्वयं के साथ ही लोक कल्याण की कामना की। शिवालयों में ओम नमरू शिवाय मंत्र के साथ साथ बम बम भोले गूंजता रहा। मझौलीराज के दीर्घेश्वर नाथ मंदिर, सोहगरा के हंसनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इसके अलावा बंजरिया, ठाकुर गौरी, चेरो, चकरा गोसाईं, कसिली, बरठी, बरठाबाबू, मईल के मारकंडेय धाम माड़ोपार में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

मारकंडेय धाम पर उमड़ी भक्तों की भीड़ः माड़ोपारट मारकंडे धाम पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुट गई। देर शाम तक श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूर, अक्षत के साथ शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाए। मेले में महिला–पुरुषों ने खरीदारी की। व्यंजनों का स्वाद भी लिया। बच्चों ने झूले का आनंद लिया। दोपहर में एक चाट की दुकान में गैस सिलिंडर में आग लगने से कुछ देर के लिए अफरा–तफरी मच गई। बाद में पुलिस ने आग पर काबू पाया। आग से कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ। मईल गांव में निकाली गई शिव विवाह की झांकी में मईल चौराहे तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस दौरान मार्कण्डेय धाम के महंत बजरंगी दास, वीरेंद्र चौधरी, केके यादव, भरत चौधरी, रामभरोसा शुक्ला, सत्य प्रकाश चौधरी, कन्हैया तिवारी, राकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान हुए शिवालयः क्षेत्र के शिवालयों में हर हर महादेव के नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गए। भक्त हाथों में फूल माला दूध लेकर शिवलिंग की पूजा कर रहे थे। पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रों से गूंज रहा था। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में एक हजार एक रुद्राभिषेक आकर्षण का केंद्र रहा। भोर से ही भक्त शिव मंदिर पहुंचने लगे। लंबी कतारों में श्रद्धालु शिवलिंग की पूजा कर रहे थे। मेदीपट्टी नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हर हर महादेव के नारे गूंज रहे थे। मंदिर के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल श्रीवास्तव अपनी पत्नी के साथ प्रसाद वितरण कर रहे थे। वहीं, सखिनी नाथ बाबा मंदिर, शिव मंदिर पथरदेवा, रामनगर में भी भारी भीड़ रही।

## शिक्षक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत

भटनी। नगर से शिवरात्रि मेला देखकर लौट रहे शिक्षक की दोपहर मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा वाराणसी रेलखंड पर देवघाट गांव के सामने हुआ। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। भाटपाररानी थाना क्षेत्र के दनउर ग्राम सभा के फुलमान टोला निवासी दिनेश यादव उर्फ टुन्नू (45) प्राइवेट शिक्षक थे। वह भटनी बाजार में शिवरात्रि मेला देखने आए थे। पत्नी के लिए फलाहार लेकर घर के लिए निकले। 115 नंबर रेलवे क्रॉसिंग के पास देवघाट गांव के सामने ट्रैक पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आ गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव का शिनाख्त की। पुलिस के सूचना पर पहुंचे परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। पत्नी उषा देवी बेहोश हो गईं। इकलौता बेटा आशुतोष यादव, बेटी शशि यादव, किरन यादव व स्वीटी का रो रोकर बुरा हाल है। बेटा आशुतोष कभी मां को संभाल रहा था तो कभी बहनों को ढांढस बढ़ा रहा था। यह देख घटना स्थल पर मौजूद सुरेश यादव, डॉ मोतीलाल यादव, तुंगनाथ यादव, सुरेंद्र यादव, रामप्रसाद यादव, मनोज यादव, संजय तिवारी, संतोष तिवारी, विजय कुमार गुप्त आदि पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे थे। एसओ जीआरपी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से शिक्षक की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

बेटी की शादी का सपना रह गया अधूराः भटनी। शिक्षक दिनेश यादव नगर के नूरीगंज बाजार में एक निजी स्कूल में पढ़ाते थे। आर्थिक तंगी के चलते वे स्कूल से समय मिलने पर ट्यूशन पढ़ाकर परिवार का भरण–पोषण करते थे। उन्हें हमेशा बेटियों की शादी की चिंता सताए रहती थी। वे पत्नी से अक्सर बोलते थे कि इस महंगाई के दौर में इतनी छोटी सी नौकरी से कैसे बच्चों की शिक्षा व शादी सहित अन्य जरूरतों को पूरा करेंगे। पत्नी हमेशा उनका हौसलाअफजाई करती रहती थीं। दिनेश यादव की मौत से पत्नी उषा देवी के कंधों पर चार बच्चों की जिम्मेदारी आ गई है। चचेरे भाई शिक्षक सुरेश यादव ने बताया कि दिनेश यादव पढ़ने में बहुत होशियार थे। स्नातक करने के बाद वे बीएड की डिग्री लेकर अध्यापन कार्य में जुट गए। इस दौरान वे कई स्कूलों में शिक्षण का कार्य किये। उनके सहकर्मी दिनेश के मिलनसार स्वभाव से बहुत खुश रहते थे।

## टीबी की चपेट में आ रहे बच्चे

निचलौल। भारत–नेपाल बॉर्डर से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में टीबी के 142 मरीज हैं। इनमें 14 वर्ष तक के सात बच्चे भी इस रोग की चपेट में हैं। 3,000 टीबी रोगी स्वस्थ हो चुके हैं। टीबी रोग के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संजय प्रसाद ने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने व छींकने से फैलता है। कुपोषित बच्चे टीबी का जल्दी शिकार हो जाते हैं। बच्चों को सप्ताह या उससे अधिक समय से लगातार खांसी हो तो उसकी जांच अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि बच्चों में वयस्कों की तुलना में रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कम होती है। बच्चों का अपनी उम्र के मुताबिक से कम बढ़ना या वजन में कमी होना टीबी के लक्षण हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अंग्रेस सिंह ने कहा कि टीबी रोग से मुक्ति के लिए अभियान चलाया जा रहा है। रोगियों की लगातार खोज की जा रही है। टीबी से ऐसे करें बचावः विभाग के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुशील श्रीवास्तव ने बच्चों को टीबी से बचाव करने के तरीके बताते हुए कहा कि बच्चों को गंभीर खांसी के पीड़ित लोगों से दूर रखें। प्रोटीनयुक्त चीजें खिलाएं। अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बच्चों को ले जाने से बचें। अपने शिशु को जरूरी टीके समय पर लगवाएं। इसमें टीबी के लिए बीसीजी टीका शामिल हो। टीबी के लक्षण दिखने पर बच्चों को तत्काल चिकित्सक के पास ले जाएं।

## बेसिक शिक्षा मंत्री के साथ नीदरलैंड जाएंगे देवरिया के खुर्शीद

देवरिया। आउट ऑफ स्कूल बच्चों का परिषदीय स्कूलों में नामांकन कराने और उनकी अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए नीदरलैंड का अर्ली वार्निंग सिस्टम प्रदेश में भी लागू किया जाएगा। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम शैक्षिक भ्रमण पर नीदरलैंड जाएगी। इस टीम में शिक्षा अधिकारियों के साथ–साथ पुरस्कार विजेता शिक्षकों को भेजा जा रहा है, ताकि वह वहां के शैक्षिक मॉडल में किए जा रहे नव प्रयोगों को यहां भी लागू करा सकें। बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिशचंद्र नाथ ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस बाबत शासन से पत्र आया है। बेसिक शिक्षा मंत्री के साथ नीदरलैंड जा रही टीम में देवरिया जनपद स्थित कंपोजिट स्कूल सहवा क्षेत्र देसही देवरिया से राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक खुर्शीद अहमद, बाराबंकी के दिनेश कुमार वर्मा, उन्नाव की स्नेहिल पांडेय व बहराइच की आंचल पांडेय शामिल हैं। वहीं अधिकारियों में संयुक्त शिक्षा निदेशक (बेसिक) गणेश कुमार, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के संयुक्त निदेशक पवन कुमार सचान, स्टेट हेड ऑफ क्वालिटी एजुकेशन आनंद कुमार पांडेय, स्टेट हेड ऑफ कम्युनिटी मोबिलाइजेशन माधव जी तिवारी, सहायक शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी आदि शामिल हैं। खुर्शीद अहमद के नामित होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिश्चंद्र नाथ, खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रसाद, शिक्षक जय शिव प्रताप सिंह, प्रमोद कुशवाहा, बदरे आलम, एहतेशाम उल हक, विद्या रानी, अर्पणा सिंह, सरफराज आलम, महफूज सिद्दीकी, अजीत कुमार सिंह, एहसान उल हक, विवेक पांडे, अनवर सादात, उपेंद्र उपाध्याय, धनंजय पाठक आदि ने बधाई दी है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी को भारत का इंजन बनाना चाहते हैः सांसद जगदंबिका पाल

### माडल स्कूल थरौली में बने नव निर्मित भवन का हुआ उदघाटन







दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने रविवार को माडल स्कूल थरौली में बने नव निर्मित भवन का उदघाटन किया। सांसद ने कहा यह कोई एक विद्यालय मात्र नही हैं बल्कि सिद्धार्थनगर के भविष्य को बेहतर वनाने वाला प्रांगण हैं। यह भवन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में मील का पत्थर साबित होगा।आने वाले दिनों में इस विद्यालय की अलग पहचान बने। जनपद का सबसे बेहतर मॉडल स्कूल थरौली बनेगा। सांसद ने लोगो को सम्बोधित को करते हुए कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी को भारत का इंजन बनाना चाहते हैं। जो ग्रोथ का इंजन होगा। यह इंजन केवल यूपी को नही पूरे देश को तेजी से ले जाने का पावर फूल इंजन बनेगा। नौजवान को पढेने के बाद रोजी रोटी के लिए बाहर जाना पड़ता था। अब उन्हें आने वाले दिनों में जनपद में ही रोजगार मिलेगा। सिद्धार्थनगर में भविष्य को सम्भावनाए बन रही हैं। शिक्षा से जुड़े लोग एक । मॉडल स्कूल में सौभाग्यशाली हैं पहले से पढ़े हुए सांसद बने हैं। प्रमरी में पढ़ कर आईपीएस बनते रहे हैं। यहा से भी लोग पढ़कर आईएएस बने। कक्षा 1 से 5 तक कोई शुल्क नही हैं बल्कि सब मुफ्त वह भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रहा हैं। स्कूल में घर जैसा भोजन मिल रहा हैं। हर हाल में सिद्धार्थनगर का एक एक बच्चा पढ़े। वह वंचित न रह पाए। प्रधानध्यापक कंचन मिश्रा ने कहा कि विद्यालय में भारत का भविष्य बस्ता हैं। पढ़ने वाले छात्रों को अब नया भवन मिल गया हैं। जिसमे इन्हें बेहतर शिक्षा दिया जा सकेगा। इस अवसर पर अर्चिष्मान मिश्रा, विजय प्रकाश मिश्रा, नितेश पांडेय, सबलू साहनी, भूपेंद्र, अशोक सिंह, गुड्डू शुक्ल, अमरनाथ त्रिपाठी, प्रदीप मौर्य, सरजू प्रसाद पांडेय, हीरालाल यादव, राजेन्द्र नाथ, पवन मिश्रा, कृष्ण कुमार, संदीप द्विवेदी, राजकुमार जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## राइज एंड शाइन सोसाइटी भुगतान करो मिशन ने चलाया सदस्यता अभियान

घघसरा बाजार,गोरखपुर। राइज एंड शाइन सोसाइटी भुगतान करो मिशन ने 19फरवरी दिन रविवार को सर्योदय विद्या मंदिर ,घाघसरा बाजार गोरखपुर सहारा इंडिया, पीएसीएल, पिनकान, यूनाइटेड आदि कंपनियो में जमा धन की वापसी के लिए सदस्यता एवम जनसंपर्क अभियान चलाया। सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंटू साहनी एडवोकेट ने बताया कि निवेश करने वालों को अभी तक उनका रिफंड नहीं मिल पाया है। लोग चक्कर काटने को मजबूर हैं। सहारा इंडिया,पीएसीएल,पिनकान, यूनाइटेड आदि में बड़ी संख्या में लोगों के पैसे फंसे हुए हैं। खुद का पैसा लाभार्थियों को कब दिया जाएगा? उपरोक्त क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंटू साहनी एवं प्रदेश सचिव जय गोविंद शर्मा के नेतृत्व में अमरनाथ शर्मा जिलाध्यक्ष संतकबीर नगर,विरेन्द्र कुमार यादव,धीरज कुमार को जिला उपाध्यक्ष, अरुण धर दुबे, महेन्द्र प्रसाद जिलासचिव, विनोद कुमार जिलामहासचिव, राजेन्द्र यादव जिला संयोजक मनोनीत किये गये तथा रामकेवल,देवेन्द्र सिंह,मो0 यूसुफ,मो0 सिद्दीकी मुस्तफा, जगजम्बा प्रसाद वर्मा,रामभवन यादव,गोपाल यादव, दिलीप कुमार गुप्ता,रामजी,मणिकांत पांडेय,दीपक चौधरी, गंगा राम,स्वामीनाथ, दीनानाथ,रामशंकर सिंह,दिनेश चंद शुक्ल,जय सिंह,रामेश्वर मौर्य, महेंद्र कुमार यादव,प्रदीप कुमार,देवेंद्र मिश्र, राजकुमार शर्मा,महेश प्रसाद,हरीश चंद मौर्य,राधेश्याम, मनीष कुमार श्रीवास्तवआदि सैकड़ो लोगों ने सदस्यता लिया।



# समाज के हर व्यक्ति को जोड़ना ही कांग्रेस का मुख्य लक्ष्यः आशुतोष दुबे

## .हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कर रहें हैं व्यापक जनसंपर्क

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत आगामी 25 मार्च तक चाहने वाले कार्यक्रम को गति देने के क्रम में इन दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार दुबे आशु द्वारा जनपद सोनभद्र में व्यापक तौर पर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम चलाकर लोगों को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा हैं। रविवार को भी कांग्रेस नेता आशुतोष कुमार दुबे द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के नगर राबर्ट्सगंज के दलित बस्ती वार्ड नंबर एक में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्वी–जोन के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय जी के बातो को आम–जनमानस के साथ साझा करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के मजबूत होने से ही देश मजबूत होगा। आगे कहां नौजवान ,व्यापारी,किसान, दलित,आदिवासी, बेरोजगार इन सभी के हक की बात अगर कोई कर रहा हैं तो वो केवल राहुल गांधी जी ही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी जी ने अपने भारत जोड़ो यात्रा में कहा कि आज हमारी विविधता भी खतरे में है, कुछ विभाजन कारी ताकते हमारी विविधता को हमारे ही खिलाफ इस्तेमाल कर रही हैं। एक धर्म को दूसरे धर्म से ,एक जाति को दूसरी जाती से, एक भाषा का दूसरी भाषा से और एक राज्य को दूसरे राज्य से लड़ाया जा रहा है। यह विभाजनकारी ताकते जानती हैं कि लोगों के दिलों में असुरक्षा और डर पैदा करके ही वो समाज में नफरत के बीज को सकते हैं, लेकिन इस यात्रा के बाद मुझे पूरा विश्वास हो गया है कि नफरत की राजनीति की अपनी सीमाएं हैं और यह ज्यादा दिन तक नहीं चल सकती। श्री दुबे ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान लगातार सफलता पूर्वक चल रहा है आम जनमानस कांग्रेस से जुड़ता जा रहा है और वास्तविकता को भी समझ रहा है। स्थानीय लोगों के साथ मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में रवि नाथ मिश्र,मुस्ताक अहमद, अवधेश कुमार, सुरेश कुमार ,चंद्रकेश कुमार, अनिकेत कुमार, नीरज कुमार, बाबूलाल, महेश, दीपक कुमार, अमरनाथ ,मनोज,विजय कुमार,अमन, अनिल चौबे, अरुण आदि उपस्थित रहे।



# देवाधिदेव महादेव एवं जगदंबा माता पार्वती की कथा सुनने हेतु श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल,सोनभद्र। केवटा गांव में आयोजित रुद्र महायज्ञ एवं शिवमहापुराण ज्ञानयज्ञ में आठवें दिन रविवार को देवाधिदेव महादेव एवं जगदंबा माता पार्वती की पावन कथा एवं प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।वहीं भक्तगणों ने यज्ञ मंडप की पूजा व परिक्रमा की।व्यासपीठ से शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज ने गुरू की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि हमारी सनातन परंपरा में गुरु को साक्षात ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का स्वरूप माना गया है। गुरू ही हमारा सच्चा मार्गदर्शक है।व्यक्ति के इहलौकिक एवं पारलौकिक जीवन में कल्याण के लिए गुरु परंपरा आवश्यक है।बिना गुरुकृपा के हमारा कल्याण संभव नहीं है। भारतीय संस्कृति में गुरु परंपरा पूजन काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।इस परंपरा में शिष्य अपने गुरु की पूजा करते हैं, जिनसे वह विद्या और शिक्षा लेते हैं।हमारी संस्कृति में गुरू–शिष्य परंपरा आध्यात्मिक प्रज्ञा को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का सोपान है। भारतीय संस्कृति में गुरु–शिष्य परंपरा के अंतर्गत गुरु (शिक्षक) अपने शिष्य को शिक्षा देता है या कोई विद्या सिखाता है। बाद में वही शिष्य गुरु के रूप में दूसरों को शिक्षा देता है। यही क्रम चलता जाता है। यह परंपरा सनातन धर्म की सभी धाराओं में मिलती है। गुरु–शिष्य की यह परम्परा ज्ञान के किसी भी क्षेत्र में हो सकती है, जैसे– अध्यात्म, संगीत, कला, वेदाध्ययन, वास्तु आदि। आयोजक मंडल के विनोद तिवारी ने बताया कि 20 फरवरी को सुबह 10 बजे पूर्णाहुति संपन्न होगा एवं इसके बाद विशाल भण्डारे के साथ कथा का विश्राम होगा।




# आकांक्षी ब्लॉको की रैंकिंग में हर्रैया मिला टाप फाइव में स्थान

बस्ती (आरएनएस) प्रदेश की आकांक्षी ब्लॉकों की रैंकिंग में जिले के हर्रैया ब्लॉक को टाप फाइव में स्थान मिला है। रैंक निध ारण में हर्रैया को 62.03 अंक मिला। केंद्र सरकार की ओर से तय किए गए पांच संकेतकों पर हुए विकास कार्यों ने यह मुकाम दिलाया है। यही वजह है कि नीति आयोग के सदस्य जल्द ही इस ब्लॉक का निरीक्षण करेंगे और विकास कार्यों की हकीकत जानने के लिए ब्लॉक की किसी एक ग्राम पंचायत को भी परखेंगे। इसको लेकर जिले के अधिकारी तैयारी में जुटे हुए हैं। जिले के हर्रैया, विक्रमजोत, कुदरहा व सल्टौआ गोपालपुर का चयन आकांक्षी ब्लॉकों के रूप में किया गया था। उद्देश्य यह था कि सामाजिक व आर्थिक विषय पर आधारित पांच विषयों के अलावा स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास व अवसंरचना के 49 संकेतकों पर ब्लॉक में विकास कार्य हों।

इसमें मुख्य रूप से सभी पदों पर कर्मचारियों की तैनाती, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, व्यक्तिगत शौचालय के अलावा अन्य तमाम योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करते हुए विकास कार्य कराए जाने थे। सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि प्रदेश में 75 संकेतकों के आधार पर कराई गई रैंकिंग में जिले हर्रैया ब्लॉक को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि विक्रमजोत को 58.84 अंक के साथ 17 वां स्थान मिला है, कुदरहा को 56.88 अंक मिला और 33 वीं रैक हासिल हुई तथा सल्टौआ गोपालपुर को 53.96 अंक के साथ 52 वी रैंक हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि चयनित आकांक्षी ब्लॉकों में तैनात बीडीओ को इस संबंध में ट्रेनिंग करायी गई है। इस रैंकिंग में और अधि ाक सुधार किया जायेगा केंद्र सरकार के संकेतकों के आधार पर लगातार कार्य कराए जा रहे हैं योजनाएं सीएम फेलो की निगरानी में चल रही है।

# सरकार ने निवेश आकर्षित करने के लिए तैयार की 25 नीतियाःराकेश सचान

बस्ती (आरएनएस)। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि सरकार ने निवेश आकर्षित करने के लिए 25 नीतिया तैयार करके औद्योगिक विकास के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाये गये हैं। रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में इन्वेस्टर समिट के उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र व जनपद में निवेश हुआ है। निवेश सारथी पोर्टल के माध यम से सम्पूर्ण प्रदेश में 33.52 लाख करोड के कुल 19250 एमओयू हस्ताक्षर हुए है। उन्होंने बस्ती के उद्यमियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बस्ती भी इस मामले में पीछे नही रहा। यहां पर भी 13681.25 करोड़ के निवेश पर 191 उद्यमियों ने एमओयू साइन किया है। सांसद हरीश द्विवेदी व विधायक अजय सिंह ने पड़ोसी अयोध्या जनपद को उद्योग स्थापना में मिल रही सुविध ाओं को बस्ती में भी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि बस्ती विकास महायोजना में इस प्रस्ताव को शामिल किया जायेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौध ारी ने वाल्टरगंज चीनी मिल की बकाये गन्ना मूल्य एंव कर्मचारियों का वेतन दिलाने का अनुरोध किया। चेम्बर्स आफ कामर्स के अध्यक्ष अशोक सिंह ने रिंगरोड के आस–पास औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का अनुरोध किया। आईडीए के अध्यक्ष अनिल सिंह रैकवार ने बताया कि जनपद के औद्योगिक आस्थानों पर विद्युत आपूर्ति की समस्या है। इस संबंध में नोडल मंत्री ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत तथा उपायुक्त उद्योग को प्रस्ताव बनाकर भेजने का निर्देश दिया है। बैठक में पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम कमलेश बाजपेयी, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, डीपीआरओ नमिता शरण, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप व अन्य जिला स्तरीय अधि ाकारी माजूद रहे।

..बजट का तैंतीस फीसद ध ान ही अब तक हुआ खर्च

समीक्षा बैठक में नोडल मंत्री ने विकास कायों के लिये आवंटित 60 करोड़ में से तैंतीस फीसद यानी 20 करोड़ ही अब तक खर्च होने पर हैरानी जतायी। एमएसएमई मंत्री ने कहाकि वित्तीय सत्र समाप्त होने में मात्र 40 दिन की बचे हैं ऐसे में दो तिहायी बजट का बचा रहना अच्छी बात नहीं है अब तक तो बजट पूरा खर्च हो जाना था।

..समीक्षा बैठक में नहीं दिखे विपक्ष के एक भी विधायक

जिले की पांच विधानसभा सीटों में से चार पर विपक्षी दल के विधायक काबिज हैं। लेकिन जिले के नोडल मंत्री की अहम समीक्षा बैठक में चार में से एक भी विधायक नहीं पहुंचे। अपने–अपने क्षेत्रीय जनता की आवाज उठाने वाले माननीय इस अहम बैठक में भी नहीं दिखे। जिले में हर महत्वपूर्ण बैठकों की तरह अपने–अपने चयनित नुमाइंदो को भेज कर यहां भी अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली।

सम्मानित किए गये निवेशक

इन्वेस्टर समिट की समीक्षा बैठक में मंत्री राकेश सचान ने 2023 में निवेश करने वाले उद्यमियों सुधीर जायसवाल, विनोद कसौधन, आर.बी.एस. श्रीवास्तव, सुनीता सिंह, उमा श्रीवास्तव, रामाज्ञा चौधरी, माध ुरी सिंह, एसके मालवीय, शिव प्रसाद, ह्रदयराम चौधरी, सुशील कुमार चौधरी, अमरजीत, हेमन्त सिंह, जीतेन्द्र पाण्डेय, ऋषी अग्रवाल को बुके तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की ओर से उद्यमियों को दोना पत्तल बनाने की मशीन का निःशुल्क वितरण किया।

# अन्तरप्रांतीय शराब तस्कर गिरफ्तार, 01 करोड़ 20 लाख रूपये की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आगामी होली के त्यौहार के दृष्टिगत् पुलिस अध



ीक्षक द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में स्वाटध्एसओजीध सर्विलांस टीम तथा थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की सयुंक्त टीम गठित की गयी । इस टीम द्वारा अथक लगन व परिश्रम से आसूचना संजाल तैयार किया गया। दिनांक 18.02.2023 की सायं उपरोक्त गठित टीम को जरिये मुखबीर सूचना मिली कि तस्कर दो ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब की एक बड़ी खेप पंजाब से बिहार ले जाने वाले है । इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रॉबर्ट्सगंज से चोपन जाने वाले मार्ग पर ओबरब्रिज के ऊपर से दो अदद ट्रक को मय चालक तथा खलासी व भारी मात्रा में अबैध ा अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 79ध2023 धारा 420, 467, 468, 471, भादवि व धारा 60,63 आबकारी अधि ानियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# श्री सिद्धेश्वर महादेव सेवा संस्थान महुआंव पाण्डेय ने शिवरात्रि पर्व पर कराया रूद्राभिषेक

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल,सोनभद्र। जिले के घोरावल तहसील क्षेत्र के महुआंव पाण्डेय गांव में स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि पर्व



पर श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक किया। श्री सिद्धेश्वर महादेव सेवा संस्थान महुआंव पाण्डेय पनौली घोरावल द्वारा प्रति वर्ष विभिन्न पर्वों पर पूजन कराया जाता है। इसी क्रम में संस्थान द्वारा इस वर्ष भी शिवरात्रि पर्व पर शनिवार को विधि विधान से श्री सिद्धेश्वर महादेव जी का पूजन, अभिषेक , आरती, हवन, प्रसाद, आदि कार्य किया गया। पूजन में जल, गंगा जल,दूध,दही,घी,मधु,इत्र, तेल, आदि से स्नान कराकर बेलपत्र,दूब, धतूरा,मनार , तरह तरह के फूल, आदि अर्पित कर, अन्य विविध तरह के वस्तुओं से पूजन किया गया। यह पूजन मनोज धर द्विवेदी व उनकी पत्नी सुशीला देवी व पुत्र अमन धर द्विवेदी व अभिनव धर द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आचार्य श्याम कुमार पाठक रहे।इस कार्यक्रम में शामिल होने वालों में राम मली देवी, राम अनुज धर द्विवेदी, नीलम देवी, प्रेरित धर द्विवेदी, शीतल द्विवेदी,व ब्रह्म बाबा के पुजारी नारायण धर द्विवेदी व आचार्य शिवम् धर द्विवेदी व आलोक धर द्विवेदी रहे। साथ ही वरिष्ठ नागरिक जनार्दन प्रसाद पाण्डेय व विमलेश धर द्विवेदी के साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस बल द्वारा किया जा रहा सायं पैदल गश्त

## संदिग्ध व्यक्तिवस्तु व वाहनों की की जा रही सघन चेकिंग

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन मे जनपद में चाक–चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष चौकी प्रभारी मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं पैदल गश्त किया जा रहा है पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो चौराहों बाजारों व भीड़–भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति,वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई पैदल गस्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि जनपद कुशीनगर पुलिस शांति,सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

# जिला स्तरीय हॉकी का ट्रायल 20 को

महराजगंज। सब जूनियर बालक एवं जूनियर बालिका वर्ग हॉकी के खिलाड़ियों का जिला स्तरीय ट्रायल 20 फरवरी को छत्रपति शाहू जी महराज स्टेडियम में होगा। ट्रायल में स्टेडियम व स्कूली खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी 21 फरवरी को क्षेत्रीय क्रीड़ांगन गोरखपुर में मंडलीय ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे। 22 से 26 फरवरी तक गोरखपुर में होने वाली जूनियर बालिका वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता के लिए मंडलीय टीम का गठन किया जाना है। ऐसे में स्टेडियम व जिले के स्कूलों में अध्ययनरत बालिका वर्ग की हॉकी खिलाड़ी ट्रायल में हिस्सा लेकर व बेहतर प्रदर्शन कर टीम में स्थान पा सकती हैं। इसी प्रकार 23 से 28 फरवरी तक इटावा में होने वाले सब जूनियर बालक वर्ग के हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक खिलाड़ी भी जिला स्तरीय ट्रायल में हिस्सा लेकर तथा बेहतर प्रदर्शन करते हुए मंडलीय ट्रायल के लिए स्थान सुरक्षित करें। मंडलीय ट्रायल में सफल होने के बाद वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# इंटरमिटेंट फास्टिंग के दौरान भूख नियंत्रित करने के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स



आजकल लोग वजन कम करने के लिए इंटरमिटेंट फास्टिंग करते हैं। इसमें लोग खाना खाने का एक पैटर्न बनाते हैं, जिसके तहत वह निर्धारित समय का चुनाव करके खाना खाते हैं और बाकि समय उपवास रखते हैं। हालांकि, इस दौरान भूख के कारण लोगों को दिक्कत होती है और वह खाने के लिए तरसते हैं। आइए आज ऐसे पांच टिप्स जानते हैं, जिन्हें इंटरमिटेंट फास्टिंग के दौरान भूख नियंत्रित करने के लिए अपनाया जा सकता है।

पर्याप्त पानी पीएं

इंटरमिटेंट फास्टिंग के दौरान जब भी आपको भूख लगे तो एक गिलास पानी पीएं। दरअसल, प्यास लगने पर भी हमें भूख का अहसास होता है क्योंकि कभी–कभी शरीर इन दोनों के अंतर को बताने में सक्षम नहीं होता है। इसके अलावा आप भूख को नियंत्रित करने के लिए सोडा यानी स्पार्कलिंग पानी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस पानी में कार्बन डाइऑक्साइड मौजूद होती है, जो भूख को दबाने में मदद करती है और भूख कम लगती है।

सेब के सिरके का सेवन करें

इंटरमिटेंट फास्टिंग के दौरान जब भी आपको भूख लगे तो सेब के सिरके का सेवन करें। इसके सिर्फ एक–दो चम्मच पीने से भूख खत्म हो जाएगी, जो आपके उपवास को पूरा करने में मदद करने के लिए पर्याप्त होगा। सफेद सिरके की तुलना में सेब का सिरका एक अच्छा विकल्प है। यदि इसका स्वाद आपको तीखा लगता है तो इसे एक गिलास पानी में डालें और फिर इसे पी लें।

शुगर फ्री च्युइंग गम चबाएं

यदि आपके इंटरमिटेंट फास्टिंग के नियमों के अनुसार आप च्युइंग गम चबा सकते हैं तो उपवास के दौरान इसका इस्तेमाल जरूर करें। दरअसल, च्युइंग गम चबाने से भूख को शांत करना आसान हो जाता है। इसके लिए आप शुगर फ्री च्युइंग गम का इस्तेमाल करें। इससे आपका उपवास भी नहीं टूटेगा। हालांकि, कुछ लोगों को च्युइंग गम चबाने के कुछ देर बाद अधिक भूख लगने लगती है, इसलिए इसे अपने उपवास के अंत में चबाएं।

पर्याप्त नींद भी करेगी मदद

उपवास के दौरान नींद की कमी से शरीर के लिए वसा जलाना मुश्किल हो जाता है। रात को अच्छी नींद के लिए सही सर्कडियन लय बनाए रखना जरूरी होता है क्योंकि यह भूख और मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करने वाले हार्मोन को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। यदि आपको रात में सोने में परेशानी होती है तो सोने से पहले योगाभ्यास करें।

खुद को काम में व्यस्त रखें

इंटरमिटेंट फास्टिंग के दौरान आप अपने कामों पर या रोज की चीजें करने पर ध्यान देकर खुद को व्यस्त रखें। इसके लिए आप चाहें तो अपने दोस्त से मिलें, अपनी अलमारी को साफ करें या सिर्फ पार्क में टहलने चले जाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि अन्य कामों को करने में व्यस्त रहने से आपका ध्यान भूख से हट जाता है। हालांकि, आपका दिमाग बीच–बीच में खाने की तरफ जरूर जा सकता है, ऐसे समय आप खुद को कंट्रोल करें।

## बॉडी फिटेड ड्रेस पहन बोल्ड पोज देते हुए नेहा मलिक ने लूटी महफिल, मिनटों में वायरल हो गईं फोटो

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक इंटरनेट पर अपनी बोल्ड और सेक्सी फोटोज से काफी तहलका मचाती हुई दिखाई देती हैं। नेहा मलिक अपनी एक्टिंग और लाइफस्टाइल के साथ साथ अपनी



बोल्डनेस को लेकर चर्चा में रहती है। उनकी लेटेस्ट तस्वीरों में वो शॉर्ट ड्रेस में स्टाइलिश फोटोज क्लिक करवाती हुई दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोज से एक बार फिर से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में नेहा मलिक का हॉट लुक देख फैंस उनकी तस्वीरों पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने इस आउटफिट में बॉडी फिटेड व्हाइट शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने अपनी ड्रेस के साथ हाई हील्स बूट्स कैरी किए है जो उनके आउटलुक को कंप्लीट कर रहा है। कानों में बड़े इयरिंग्स और बालों की हाई पोनीटेल कर के साथ ही लाइट मेकअप एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर चार चांद लगा रहा है। बता दें कि नेहा मलिक जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए प्रतिक्रियाएं देते हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस भी उन्हें देखने के लिए काफी एक्साइटेड होते हैं।




## द अंडरबगः साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है ऋचा चड्ढा–अली फजल की कंपनी की दूसरी फिल्म




अभिनेता अली फजल और ऋचा चड्ढा ने अपनी होम प्रोडक्शन पुशिंग बटन स्टूडियोज की दूसरी फिल्म की घोषणा की है। द अंडरबग नाम की यह फिल्म एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इससे पहले अली और ऋचा ने अपने प्रोडक्शन हाउस की फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स की घोषणा की थी। द अंडरबग को लेकर अली और ऋचा दोनों काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म को लॉस एंजिलिस के स्लैमडांस फिल्म फेस्टिवल में बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। द अंडरबग का निर्देशन सुजात सौदागर ने किया है। यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर दो किरदारों की जिंदगी के इर्द–गिर्द घूमती है जो महाराष्ट्र के लोनावला में एक बंद पड़े घर में शरण लेते हैं। फिल्म में अली फजल और हुसैन दलाल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। स्लैमडांस फिल्म फेस्टिवल में वैश्विक दर्शकों ने फिल्म को खूब सराहा। इसे क्रिटिक्स की भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग 2020 में कोरोनाकाल के दौरान हुई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार ऋचा ने कहा, फिल्म को शानदार प्रतिक्रिया मिली है। निर्माता के तौर पर हम इसे देखने के लिए वहां मौजूद थे। यह हमारे लिए गौरव का पल था। हमें खुशी है कि इसने इतने बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व किया है। यह सिनेमा के लिए एक अच्छा समय है क्योंकि भारतीय फिल्में वैश्विक दर्शकों के बीच व्यापक रूप से पहुंच रही हैं। इस तरह की फिल्में पेचीदा होती हैं। अली फजल ने भी फिल्म की स्क्रीनिंग में मिली प्रतिक्रिया पर अपना उत्साह जाहिर किया। रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने कहा,मैं फिल्म का निर्माता ही नहीं बल्कि अभिनेता भी हूं, इसलिए इससे ज्यादा भावनात्मक रूप से जुड़ा हूं।इस तरह की प्रतिक्रिया देखकर काफी अच्छा लगता है। यह फिल्म बहुत तनावपूर्ण परिस्थितियों में बनी थी। यह पहली स्क्रीनिंग थी इसलिए फिल्म की अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी थीं। इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है जिससे हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। ऋचा चड्ढा की आगामी फिल्म की बात करें तो उनकी फुकरे 3 की रिलीज डेट की हाल ही में घोषणा हुई थी। यह फिल्म 7 सितंबर, 2023 को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह और पंकज त्रिपाठी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। हालांकि, फुकरे और फुकरे 2 में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद फुकरे 3 में अली फजल नजर नहीं आएंगे। फिल्म के प्रशंसक इस बात से निराश हैं।

## शाहिद कपूर और अमन गिल ने फिर मिलाया हाथ, असल जिंदगी पर आधारित होगी आगामी फिल्म

शाहिद कपूर इन दिनों अपनी वेब सीरीज फर्जी को लेकर चर्चा में हैं, जो 10 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज



हुई। इस बीच खबर है कि शाहिद ने एक और फिल्म साइन की हैं। रिपोर्ट के अनुसार, शाहिद अमन गिल की आगामी फिल्म में नजर आएंगे, जो असल जिंदगी पर आधारित होगी। बता दें, शाहिद और अमन ने इससे पहले जर्सी में साथ काम किया है। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा सकी। एक सूत्र ने कहा, हां, जर्सी के बाद शाहिद और अमन एक साथ एक प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। शाहिद ने पहले ही हामी भर दी है और निर्माता जल्द ही प्री–प्रोडक्शन का काम शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित है। अब तक इतना ही खुलासा हुआ है। बता दें, शाहिद ने फर्जी के जरिए अपना डिजिटल डेब्यू किया है, जिसको राज और डीके ने बनाया है।

# पाइलेट्स एक्सरसाइज से मिल सकते हैं कई लाभ, जानिए इसके अलग–अलग तरीके



क्या आप खराब शारीरिक मुद्रा और पीठ के निचले हिस्से में दर्द से पीडिघ्त हैं? या क्या आप किसी चोट से उबर रहे हैं और अभी तक इंटेंस स्ट्रेंथ ट्रेनिंग या कार्डियो नहीं कर पा रहे हैं? अगर हां, तो पाइलेट्स आपकी स्थिति को सुधारने के लिए एक आदर्श एक्सरसाइज है। हालांकि, अगर आप पाइलेट्स एक्सरसाइज के मामले में नए हैं तो यहां हम आपको विभिन्न तरह की कुछ आसान पाइलेट्स एक्सरसाइज के बारे में बताने जा रहे हैं।

द रिफॉर्मर फुटवर्कः सबसे पहले रिफॉर्मर प्लेटफॉर्म पर 4 स्प्रिंग्स लगाएं और फिर प्लेटफॉर्म पर अपनी पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने पैरों को सीधा करें और रिफॉर्मर प्लेटफॉर्म को बाहर धकेलने के लिए अपने ग्लूट्स पर दबाव डालें। इस मुद्रा को कुछ सेकेंड के लिए रोकें और फिर अपने पैरों को फुटबार के विपरीत दिशा में दबाते हुए नियंत्रण के साथ शुरुआती स्थिति में लौट आएं। आपको इस एक्सरसाइज के 8–10 रेप्स पूरे करने चाहिए।

शॉर्ट बॉक्स फ्लैट बैकः सबसे पहले शॉर्ट बॉक्स पर बैठें और अपने पैरों को फुटबार से जुड़े स्ट्रैप से स्लाइड करके रखें। अब हाथों को सिर के पीछे रखें और सीधे बैठ जाएं। अब धीरे–धीरे पीठ की तरफ से झुकने का प्रयास करें। इसके बाद अपनी पीठ को सीधा रखते हुए वापस प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं। इस एक्सरसाइज के शुरूआत में 5–6 रेप्स करें और फिर समय रहते रेप्स की संख्या को बढ़ाते चलें।

हैमस्ट्रिंग स्ट्रेचः इसके लिए सबसे पहले एक स्टूल लें और उसके आगे एकदम सीधे खड़े हो जाएं। अब बाएं पैर की एडी को स्टूल के ऊपर रख लें। अब बाएं हाथ को बाएं पैर की उंगलियों तक पहुंचाएं। ऐसा करते वक्त पीठ सीधी होनी चाहिए और कूल्हों को हल्का स्ट्रेच महसूस होना चाहिए। कुछ देर के लिए इसी अवस्था में रहें और फिर सामान्य हो जाएं। दोनों पैरों से 20–30 सेकंड तक इस प्रक्रिया को दोहराएं।

रेजिस्टेंस बैंड स्क्वाटः इसके लिए सबसे पहले लूप रेजिस्टेंस बैंड को जांघों पर डालें। अब पैरों को कंधे की चौड़ाई के समान खोलकर खड़े हो जाएं। इसके बाद धीरे–धीरे घुटनों को मोड़ते हुए ऐसे बैठें, जिस तरह से कुर्सी पर बैठा जाता है। इस दौरान सांस भरते हुए धीरे–धीरे नीचे झुकें और फिर ऊपर आते समय सांस छोड़ें। ऐसा आप 10 मिनट तक कर सकते हैं। इससे आपको काफी लाभ मिल सकता है।

शॉर्ट बॉक्स राउंड बैकः सबसे पहले एक्सेसरी रिफॉर्मर बॉक्स को शोल्डर ब्लॉक्स के ऊपर रखकर बैठें और फिर दो भारी स्प्रिंग लगाएं। इसके बाद फुट बार से जुड़े रेसिस्टेंस लूप के नीचे पैरों को डालें। अब बाहों को पीठ के चारों ओर लपेटें और सांस भरकर खुद को उठाने की कोशिश करें। फिर सांस छोड़ते हुए पेट को अंदर खींचें और पीठ को सीधा करें। एक पल के लिए इस मुद्रा को रोकें और वापस ऊपर आएं।